NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

लखनऊ से प्रकाशित

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

वर्ष: 13 अंक: 310 लखनऊ, गुरुवार 27 जून 2024 मूल्य: 02 रुपये पृष्ठ- 08

## पीएम मोदी ने कराया मंत्रियों का परिचय, पहले दिन ही हुआ लोकसभा में हंगामा

नई दिल्ली समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बिरला को बधाई दी और उम्मीद जताई कि उनका 'अंकुश' विपक्ष के साथ साथ सत्तापक्ष पर भी रहेगा तथा निष्कासन जैसी कार्रवाई नहीं होगी।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक महत्वपूर्ण संसदीय कदम के तहत बुधवार को लोकसभा में अपने नवगठित मंत्रिपरिषद का परिचय कराया। प्रधान मंत्री मोदी ने औपचारिक रूप से अपने मंत्रिमंडल के सदस्यों को संसद के निचले सदन में प्रस्तुत किया, जिससे उनके आधिकारिक कर्तव्यों की शुरुआत हुई। मोदी ने निचले सदन में केंद्रीय कैबिनेट मंत्रियों, राज्य मंत्रियों (स्वतंत्र प्रभार) और राज्य मंत्रियों का परिचय कराया। बाद में स्पीकर ओम बिरला ने 25 जून 1975 को लगाए गए आपातकाल को याद करते हुए कहा कि सदन इसकी कड़ी निंदा करता है। उन्होंने उन लोगों के दृढ़ संकल्प की सराहना की जिन्होंने आपातकाल का विरोध किया, उसके अत्याचारों के खिलाफ लड़ाई लड़ी और लोकतंत्र की रक्षा की जिम्मेदारी को बरकरार रखा। बिरला ने इस बात पर जोर दिया कि यह दिन भारत के इतिहास में एक काले अध्याय के रूप में हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाया था, जिसे उन्होंने बाबा साहेब अंबेडकर द्वारा तैयार किए गए संविधान पर हमला बताया। अध्यक्ष ने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में भारत की प्रतिष्ठा को रेखांकित किया, इसके मूल्यों पर प्रकाश डाला जो बहस और लोकतांत्रिक सिद्धांतों का समर्थन करते हैं। बिरला की टिप्पणी के दौरान, कांग्रेस सदस्यों ने सरकार के खिलाफ नारे लगाकर विरोध जताया और उस पर संविधान को कमजोर करने का आरोप लगाया। सदन ने आपातकाल के दौरान अपनी जान गंवाने वाले लोगों की याद में कुछ क्षण का मौन भी रखा। इसके बाद, सदन ने आपातकाल लगाए जाने की निंदा करते हुए एक प्रस्ताव अपनाया और सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव सहित विभिन्न नेताओं ने बुधवार को लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने पर ओम बिरला को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि उनकी अध्यक्षता में 18वीं लोकसभा में सुचारू कामकाज होगा तथा देश की आशाओं एवं आकांक्षाओं को पूरा करने में उनकी बड़ी भूमिका होगी। राजस्थान के कोटा से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद बिरला को लगातार दूसरी बार लोकसभा का अध्यक्ष चुने जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, विपक्ष के नेता राहुल गांधी और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू अध्यक्षीय आसन तक लेकर गए।



## नशा मुक्त, स्वच्छ, सुरक्षित, समृद्ध समाज के निर्माण में सहभागी बनें–सीएम योगी

लखनऊ मुख्यमंत्री योगी ने अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के मौके पर बुधवार को सोशल मीडिया मंच "एक्स" पर अपने संदेश में कहा "नशा व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से अवनति की ओर ले जाता है।"उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को आमजन को जागरूक करते हुए उनसे नशा मुक्त, स्वच्छ, सुरक्षित तथा समृद्ध समाज के निर्माण में सहभागी बनने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री योगी ने अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के मौकद्े पर बुधवार को सोशल मीडिया मंच "एक्स" पर अपने संदेश में कहा "नशा व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से अवनति की ओर ले जाता है।" उन्होंने इसी संदेश में आह्वान किया "आइए, आज अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के अवसर पर नशा मुक्ति के अभियान को आगे बढ़ाने हेतु प्रतिबद्ध हों और नशा मुक्त, स्वच्छ, सुरक्षित एवं समृद्ध समाज के निर्माण में सहभागी बनें।




## एनआईए ने गोल्डी बराड़, उसके सहयोगी की गिरफ्तारी पर 10 लाख रुपये का इनाम रखा

एजेंसी

बयान में कहा गया, "एनआईए ने बुधवार को चंडीगढ़ में जबरन वसूली और एक व्यवसायी के घर पर गोलीबारी के मामले में वांछित आतंकवादी गोल्डी बराड़ और एक अन्य गैंगस्टर की तलाश में अपने तंत्र को सक्रिय किया और उनकी गिरफ्तारी पर नकद इनाम की घोषणा की।" राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने बुधवार को चंडीगढ़ में "जबरन वसूली और गोलीबारी" मामले में वांछित एवं कनाडा में रह रहे आतंकवादी गोल्डी बराड़ तथा एक अन्य आरोपी की गिरफ्तारी में मदद करने वाली सूचना साझा करने वाले व्यक्तियों को 10–10 लाख रुपये के नकद इनाम की घोषणा की। जांच एजेंसी की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि दोनों आरोपी इस साल आठ मार्च को जबरन वसूली के लिए एक व्यापारी के घर पर गोलीबारी करने के मामले में वांछित हैं। इसमें कहा गया कि पंजाब के श्री मुक्तसर साहिब शहर के आदेश नगर निवासी शमशेर सिंह के पुत्र सतविंदर सिंह उर्फ घ्घ्सतिंदरजीत सिंह उर्फ घ्घ्गोल्डी बराड़ और पंजाब के ही राजपुरा स्थित बाबा दीप सिंह कालोनी निवासी सुखजिंदर सिंह के पुत्र गुरप्रीत सिंह उर्फ घ्घ्गोल्डी ढिल्लों उर्फ घ्घ्गोल्डी राजपुरा के खिलाफ भारतीय दंड संहिता, गैरकानूनी गतिविधियां (निरोधक) अधिनियम और शस्त्र अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। बयान में कहा गया, "एनआईए ने बुधवार को चंडीगढ़ में जबरन वसूली और एक व्यवसायी के घर पर गोलीबारी के मामले में वांछित आतंकवादी गोल्डी बराड़ और एक अन्य गैंगस्टर की तलाश में अपने तंत्र को सक्रिय किया और उनकी गिरफ्तारी पर नकद इनाम की घोषणा की।" एजेंसी ने दोनों व्यक्तियों में से किसी की भी गिरफ्तारी में अहम कोई भी सूचना देने पर 10–10 लाख रुपये का नकद इनाम देने की घोषणा की है। साथ ही कहा कि "सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी"। इस संबंध में सूचना एनआईए के मुख्यालय के टेलीफोन नंबर पर या ईमेल, व्हाट्सऐप अथवा टेलीग्राम ऐप के जरिये दी जा सकती है।




## विपक्षी एकता में पहले दिन ही लग गई सेंध, आपातकाल के खिलाफ निंदा प्रस्ताव में कांग्रेस को नहीं मिला का साथ!

नई दिल्ली दावा किया जा रहा है कि एसपी और टीएमसी ने आपातकाल के खिलाफ प्रस्ताव का समर्थन किया, जिससे कांग्रेस को निराशा हुई और बीजेपी को खुशी हुई। स्पीकर ओम बिरला ने 25 जून 1975 को लगाए गए आपातकाल को याद करते हुए कहा कि सदन इसकी कड़ी निंदा करता है। आपातकाल पर प्रस्ताव पर समर्थन से लेकर स्पीकर के चुनाव में हार तक भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने 18वीं लोकसभा के तीसरे दिन बुधवार को विपक्षी एकता पर सवाल उठाए। भाजपा नेता अमित मालवीय ने एक्स पर लिखा कि विपक्षी एकता एक मिथक है। इंडिया गठबंधन में कई दलों ने आपातकाल पर प्रस्ताव का समर्थन किया, जबकि कांग्रेस ने अपना चेहरा छिपाने की कोशिश की। स्पीकर के चुनाव के दौरान ध्वनि मत या मत विभाजन की मांग को लेकर भी विपक्ष में एकमत नहीं था। तीसरी बार फेल राहुल गांधी विपक्ष के नेता के रूप में अपने पहले दिन ही फेल हो गए। स्पीकर का चुनाव हारना एक बड़ी जीत थी। बीजेपी के शहजाद पूनावाला ने यहां तक घ्कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी), समाजवादी पार्टी (एसपी) और द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) को उनकी भूमिका के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, "वाह, जब कांग्रेस ने आपातकाल की निंदा के प्रस्ताव का विरोध किया तो एसपी, डीएमके, टीएमसी सांसद उससे दूर चले गए! वहां प्छक्प् गठबंधन चल रहा है३"। सत्तारूढ़ भाजपा जहां साधारण बहुमत से दूर है, वहीं कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी भारतीय राष्ट्रीय विकास समावेशी गठबंधन (प्छक्प्।) को एक दशक के बाद विपक्ष के नेता का पद मिला है।इस बीच, दावा किया जा रहा है कि एसपी और टीएमसी ने आपातकाल के खिलाफ प्रस्ताव का समर्थन किया, जिससे कांग्रेस को निराशा हुई और बीजेपी को खुशी हुई। स्पीकर ओम बिरला ने 25 जून 1975 को लगाए गए आपातकाल को याद करते हुए कहा कि सदन इसकी कड़ी निंदा करता है। उन्होंने उन लोगों के दृढ़ संकल्प की सराहना की जिन्होंने आपातकाल का विरोध किया, उसके अत्याचारों के खिलाफ लड़ाई लड़ी और लोकतंत्र की



रक्षा की जिम्मेदारी को बरकरार रखा। बिरला ने इस बात पर जोर दिया कि यह दिन भारत के इतिहास में एक काले अध्याय के रूप में हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाया था, जिसे उन्होंने बाबा साहेब अंबेडकर द्वारा तैयार किए गए संविधान पर हमला बताया। अध्यक्ष ने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में भारत की प्रतिष्ठा को रेखांकित किया, इसके मूल्यों पर प्रकाश डाला जो बहस और लोकतांत्रिक सिद्धांतों का समर्थन करते हैं। बिरला की टिप्पणी के दौरान, कांग्रेस सदस्यों ने सरकार के खिलाफ नारे लगाकर विरोध जताया और उस पर संविधान को कमजोर करने का आरोप लगाया। सदन ने आपातकाल के दौरान अपनी जान गंवाने वाले लोगों की याद में कुछ क्षण का मौन भी रखा। इसके बाद, सदन ने आपातकाल लगाए जाने की निंदा करते हुए एक प्रस्ताव अपनाया और सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव सहित विभिन्न नेताओं ने बुधवार को लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने पर ओम बिरला को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि उनकी अध्यक्षता में 18वीं लोकसभा में सुचारू कामकाज होगा तथा देश की आशाओं एवं आकांक्षाओं को पूरा करने में उनकी बड़ी भूमिका होगी।

## संग-संग करेंगे सियासत, लोकसभा में एक साथ सदस्य रह चुके हैं ये कपल्स

संवाददाता।

लखनऊ अखिलेश और डिंपल दोनों ने पहले 17वीं लोकसभा में काम किया था, हालांकि एक ही समय में नहीं। 2019 में अखिलेश ने आजमगढ़ लोकसभा क्षेत्र से जीत हासिल की। घ्घ्हालांकि, डिंपल कन्नौज से चुनाव हार गईं। 18वीं लोकसभा में समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव और उनकी पत्नी डिंपल यादव की जोड़ी सबसे ज्यादा ध्यान खींच रही है। वे उत्तर प्रदेश से एक साथ लोकसभा के लिए चुने जाने वाले पहले जोड़े हैं। अखिलेश कन्नौज लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं, जबकि डिंपल मैनपुरी सीट से चुनी गईं। अखिलेश और डिंपल दोनों ने पहले 17वीं लोकसभा में काम किया था, हालांकि एक ही समय में नहीं। 2019 में अखिलेश ने आजमगढ़ लोकसभा क्षेत्र से जीत हासिल की। घ्घ्हालांकि, डिंपल कन्नौज से चुनाव हार गईं। बाद में मार्च 2022 में, राज्य विधानसभा चुनाव में करहल सीट से विधायक चुने जाने के बाद अखिलेश ने लोकसभा से इस्तीफा दे दिया। मुलायम यादव की मृत्यु के बाद, डिंपल ने 2022 के उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार रघुराज शाक्य को 2.88 लाख वोटों के अंतर से



हराकर मैनपुरी सीट जीती। अतीत में ऐसे कई उदाहरण हैं जब पति–पत्नी ने एक साथ लोकसभा में काम किया है। भारत में कम्युनिस्ट पार्टी और वामपंथी और लोकतांत्रिक आंदोलन के मुख्य वास्तुकार एके गोपालन एक स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक थे। उन्होंने 1952 से 1977 के बीच पांच बार लोकसभा सांसद के रूप में केरल की पालघाट सीट का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने 1962 में ईएमएस नंबूदरीपाद, एसए डांगे और अन्य सदस्यों के साथ भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी छोड़ दी और सीपीआई (मार्क्सवादी) के संस्थापक सदस्य थे। उनकी पत्नी सुशीला गोपालन भी एक प्रसिद्ध मार्क्सवादी और ट्रेड यूनियनवादी थीं। वह पहली बार 1967 में केरल के चिरयिंकिल से लोकसभा के लिए चुनी गईं। वह 1980 में सातवीं लोकसभा के लिए और फिर 1991 में दसवीं लोकसभा के लिए फिर से चुनी गईं।सत्येन्द्र नारायण सिन्हा और किशोरी सिन्हा बिहार के औरंगाबाद के एक कुलीन और धनी परिवार से थे। सत्येन्द्र नारायण सिन्हा ने स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया और 1952 से छह बार औरंगाबाद निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा के लिए चुने गए। उन्होंने 1989 से 1990 तक बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में भी कार्य किया। किशोरी सिन्हा 1980 और 1989 के बीच लोकसभा में वैशाली सीट का प्रतिनिधित्व करते हुए उनके साथ शामिल हुईं। भारत के पूर्व प्रधान मंत्री चरण सिंह ने लोकसभा सांसद के रूप में तीन कार्यकाल दिए। 1980 में, वह उत्तर प्रदेश के बागपत निर्वाचन क्षेत्र से चुने गए। उसी चुनाव में उनकी पत्नी गायत्री देवी कैराना लोकसभा सीट से चुनी गईं। दोनों ने 1980 से 1984 तक लोकसभा में एक साथ काम किया। भारत के पूर्व रेलवे और वित्त मंत्री प्रोफेसर मधु दंडवते पांच बार सांसद रहे। 1980 में, वह जनता पार्टी के टिकट पर महाराष्ट्र के राजापुर लोकसभा क्षेत्र से चुने गए। उनकी पत्नी, प्रमिला दंडवते, जनता पार्टी के टिकट पर बॉम्बे नॉर्थ सेंट्रल निर्वाचन क्षेत्र से चुनी गईं। उन्होंने 1980 से 1984 तक सातवीं लोकसभा में एक साथ काम किया। बिहार के नेता और छह बार के सांसद पप्पू यादव और उनकी पत्नी रंजीत रंजन 2004 और 2014 में चुनाव जीतकर दो बार एक साथ लोकसभा पहुंचे। हालांकि, उन्होंने निचले सदन में विभिन्न दलों का प्रतिनिधित्व किया। 2004 में पप्पू यादव राजद के टिकट पर मधेपुरा से और रंजीत रंजन लोक जन शक्ति पार्टी के टिकट पर सहरसा से निर्वाचित हुई थीं।

## अरविंद केजरीवाल को लगा बड़ा झटका, राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 3 दिन की सीबीआई रिमांड पर भेजा

एजेंसी।

नई दिल्ली केंद्रीय एजेंसी ने कथित आबकारी घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में पूछताछ के लिए अदालत से केजरीवाल को पांच दिन के लिए उसकी हिरासत में भेजने का भी अनुरोध किया था। हालांकि, सीबीआई को तीन दिन की हिरासत मिली है। केजरीवाल ने अदालत के समक्ष दावा किया कि वह इस मामले में निर्दोष हैं।दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को तीन दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया गया है। इसके पहले आज ही केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने अरविंद केजरीवाल को औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया था। केंद्रीय एजेंसी ने कथित आबकारी घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में पूछताछ के लिए अदालत से केजरीवाल को पांच दिन के लिए उसकी हिरासत में भेजने का भी अनुरोध किया था। हालांकि, सीबीआई को तीन दिन की हिरासत मिली है। केजरीवाल ने अदालत के समक्ष दावा किया कि वह इस मामले में निर्दोष हैं। आम आदमी पार्टी (आप) ने सीबीआई की कार्रवाई की तीखी आलोचना की है. राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने केंद्र पर केजरीवाल के खिलाफ फर्जी मामला बनाने का आरोप लगाया। सिंह ने कहा, ष्पूरा देश इसे देख सकता है और अरविंद केजरीवाल के साथ एकजुटता से खड़ा है।ष 21 मार्च को ईडी द्वारा गिरफ्तारी के बाद केजरीवाल को 20 जून को दिल्ली की एक अदालत ने जमानत दे दी थी। हालांकि, ईडी ने इस फैसले को दिल्ली उच्च न्यायालय में चुनौती दी, जिसने बाद में 21 जून को जमानत पर रोक लगा दी और 25 जून के लिए अपना आदेश सुरक्षित रख लिया।




## कंट्रोल में रखने की कोशिश! कर्नाटक में उठी तीन और डिप्टी सीएम की मांग, सिद्धरमैया का आया बयान

एजेंसी।

नई दिल्ली कांग्रेस के भीतर एक वर्ग का मानना घ्है कि तीन और उपमुख्यमंत्री बनाये जाने की मांग संबंधी मंत्रियों के बयान सिद्धरमैया खेमे की (खास) योजना का हिस्सा है और उसका मकसद शिवकुमार को काबू में रखना है। ऐसी चर्चा है कि शिवकुमार सरकार के ढाई साल के कार्यकाल के बाद मुख्यमंत्री पद की मांग कर सकते हैं। कर्नाटक में तीन और उपमुख्यमंत्री बनाने की मांग फिर से उठने के बीच मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने आज कहा कि कांग्रेस आलाकमान का फैसला अंतिम है। कुछ मंत्री वीरशैव–लिंगायत, एससीध्एसटी और अल्पसंख्यक समुदायों के नेताओं को उपमुख्यमंत्री पद दिए जाने की वकालत कर रहे हैं। फिलहाल वोक्कालिगा समुदाय से डीके शिवकुमार सिद्धारमैया कैबिनेट में सिर्फ उपमुख्यमंत्री हैं। सिद्धारमैया ने एक सवाल के जवाब में संवाददाताओं से कहा, ष्आलाकमान जो भी फैसला करेगा वह अंतिम है। कांग्रेस के भीतर एक वर्ग का मानना घ्है कि तीन और उपमुख्यमंत्री बनाये जाने की मांग संबंधी मंत्रियों के बयान



सिद्धरमैया खेमे की (खास) योजना का हिस्सा है और उसका मकसद शिवकुमार को काबू में रखना है। ऐसी चर्चा है कि शिवकुमार सरकार के ढाई साल के कार्यकाल के बाद मुख्यमंत्री पद की मांग कर सकते हैं। सहकारिता मंत्री के एन राजन्ना, आवास मंत्री बी जेड जमीर अहमद खान, लोक निर्माण मंत्री सतीश जरकीहोली और कुछ अन्य नेताओं ने इस सप्ताह की शुरुआत में एक बार फिर तीन और उपमुख्यमंत्रियों की मांग की थी। इन्हें सिद्धरमैया का करीबी माना जाता है। इसे भी पढ़ेंरू ठै ल्मकपलनतंचचं पद च्व्ब्ेव बेंम द्य पोक्सो मामले में पूछताछ के लिए कर्नाटक पुलिस के समक्ष पेश हुए भाजपा के येदियुरप्पा पिछले साल मई में विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद मुख्यमंत्री पद के लिए शिवकुमार और सिद्धरमैया के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा के मद्देनजर कांग्रेस ने फैसला किया था कि शिवकुमार 'एकमात्र' उपमुख्यमंत्री होंगे। मंत्रियों की मांग पर नाराजगी जाहिर करते हुए शिवकुमार ने मंगलवार को कहा कि पार्टी इसका उचित जवाब देगी। शिवकुमार कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष भी हैं। शिवकुमार ने कहा, ''अगर कोई कुछ कहता है तो आपलोग (मीडिया) उसे खबर बना देते हैं। कोई कुछ भी मांग करे पार्टी उसका उचित जवाब देगी...।

## लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को कोर्ट में हाजिर होने का आदेश

संवाददाता।

सुल्तानपुर की एमपी–एमएलए कोर्ट ने 26 जून 2024 बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए उनके खिलाफ दायर मानहानि मामले में 2 जुलाई को पेश होने को कहा है। लखनऊ। उत्तर प्रदेश के जिला सुल्तानपुर की एमपी–एमएलए कोर्ट ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को 2 जुलाई को तलब किया है। मानहानि के मामले में राहुल गांधी बीते 20 फरवरी से जमानत पर चल रहे हैं। अब कोर्ट ने राहुल गांधी को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया है। इससे पहले राहुल 20 फरवरी को अमेठी में अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा रोककर कोर्ट में पेश हुए थे. हालांकि, तब उन्हें जमानत मिल गई थी। दरअसल, कर्नाटक के पिछले विधानसभा चुनाव (2018) के दौरान एक प्रेस वार्ता में राहुल गांधी ने तत्कालीन बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और वर्तमान गृहमंत्री अमित शाह पर एक आपत्तिजनक बयान दिया था। इसी बयान से आहत होकर सुल्तानपुर के बीजेपी नेता विजय मिश्र ने राहुल गांधी के खिलाफ परिवाद दाखिल किया था। जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर राहुल के खिलाफ मुकदमा चलाने का आदेश दिया था। मामले में राहुल गांधी बीती फरवरी को सुल्तानपुर के दीवानी न्यायालय पहुंचे थे, तब उन्हें जमानत मिल गई थी। इसी मामले में सुल्तानपुर के रहने वाले राम प्रताप ने अपने को पक्षकार बनाए जाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था.

# पावर प्वाइंट के माध्यम से नशे की लत से दूर रहने के तरीको पर प्रकाश डाला

लखनऊ(आरएनएस) । पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबन्धक आदित्य कुमार के मार्गदर्शन में आज बादशाहनगर स्थित मण्डल रेलवे चिकित्सालय में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डॉ0 बी.एन. चौधरी के नेतृत्व में आज "विश्व नशा निषेध दिवस" के अवसर पर जन जागृति अभियान के अन्तर्गत एक स्वास्थ्य गोष्ठी का आयोजन किया गया।उक्त गोष्ठी में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डॉ0 बी.एन. चौधरी ने उपस्थित लोगों को बताया कि नशा, एक ऐसी बीमारी है जो युवा पीढ़ी को लगातार अपनी चपेट में लेकर उसे कई तरह से बीमार कर रही है। शराब, सिगरेट, तम्बाकू एवं ड्रग्स जैसे जहरीले पदार्थों का सेवन कर युवा वर्ग का एक बड़ा हिस्सा नशे का शिकार हो रहा है। आज के बच्चे भी नशे की चपेट में आ चुके हैं। उन्होने उपस्थित लोगों को उनकी जिज्ञासाओं एवं समस्याओं का समाधान भी बताया। इसके साथ ही अपर मण्डल चिकित्सा अधीक्षक डा0 दीक्षा चौधरी द्वारा अधिक नशा करने पर व्यक्ति के शरीर पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में उपस्थित कर्मचारियों एवं रोगियों को बताया गया। मुख्य वक्ता डा0 अनिल कुमार मनौचिकित्सक ने पावर प्वाइंट के माध्यम से नशे की लत से दूर रहने के तरीको पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी डा० अयाज अहमद व अन्य रेलवे चिकित्सक तथा स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे। इसी परिप्रेक्ष्य में ऐशबाग स्थित रेलवे पॉली क्लीनिक में अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डॉ0 दीक्षा चौधरी की उपस्थिति में आयोजित गोष्ठी में अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 संजय तिवारी ने बताया कि नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस (International Day Against Drug Abuse and Illicit Trafficking½ को संयुक्त राष्ट्र द्वारा 26 जून को नशीली दवाओं के दुरुपयोग और तस्करी से निपटने के लिए गतिविधियों और सहयोग को मनाने के लिए घोषित किया है। नशीली दवाओं का दुरुपयोग अभी भी दुनिया भर में एक गंभीर मुद्दा है। अन्त में अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डॉ0 दीक्षा चौधरी ने बताया कि नशा करने के लिए सिर्फ मादक पदार्थों की ही जरुरत नहीं होती, बल्कि व्हाइटनर, नेल पॉलिश, पेट्रोल आदि की गंध, ब्रेड के साथ विक्स और झंडु बाम का सेवन करना, कुछ इस प्रकार के नशे भी किए जाते हैं, जो बेहद खतरनाक होते हैं। उन्होने नशीले पदार्थों से उत्पन्न हो रही विभिन्न बीमारियों के समूल उन्मूलन हेतु आम जनमानस से अपेक्षित सहयोग का आह्वाहन किया। इस अवसर पर चिकित्सालय के स्वास्थ्य कर्मी व रेलवे कर्मचारी एवं उनके परिजन उपस्थित थे।

## सिद्व दानवीर भामाशाह के जन्म दिवस 29 जून को राज्य सरकार द्वारा व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाया जायेगा

लखनऊ (आरएनएस) । राज्य सरकार द्वारा दानवीर भामाशाह के जन्म दिवस 29 जून को व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाया जायेगा। इसके लिए प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र की ओर से समस्त मण्डलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों को निर्देश 24 जून, 2024 को जारी किये गये हैं। इस कार्यक्रम के राज्य स्तरीय आयोजनों के लिए संस्कृति विभाग उ0प्र0 को नोडल विभाग तथा राज्यकर विभाग को आयोजनकर्ता विभाग नामित किया गया है।

मा0 मुख्य सचिव द्वारा इस कार्यक्रम के आयोजन हेतु अपर मुख्य सचिवध्प्रमुख सचिव राज्यकर विभाग, पर्यटन विभाग, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, एमएसएमईध्खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग तथा समाज कल्याण को भी आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किये गये हैं। जनपदध्तहसील स्तरीय आयोजनों हेतु जिलाधिकारियों को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। संबंधित जनपद के जिलाधिकारी व्यापारी कल्याण दिवस के आयोजन हेतु अपनी अध्यक्षता में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करके आयोजना की रूपरेखा तैयार करेंगे। मुख्य सचिव ने निर्देशों में यह भी कहा है कि औद्योगिक विकास विभाग द्वारा प्रदेश में पूंजी निवेश करने वाले उद्यमियों का चयन कर उन्हें सम्मानित किया जाये तथा इनवेस्टर्स समिट का आयोजन भी किया जाय। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्वरांजलिध्संगीतध्भामाशाह पर नृत्य नाटिका, नाटक के साथ स्थानीय कला संस्कृतिपूर्ण आयोजन कराया जाए। इसके अलावा भामाशाह की कल्याण की भावना को अधिक से अधिक लोगों एवं युवाओं के बीच प्रसारित की जाए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए संस्कृति विभाग उ0प्र0 द्वारा स्थानीय कलाकार उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं। व्यापारी कल्याण दिवस के अवसर पर वृहद आयोजन किया जाए। उद्घाटन एवं समापन के अवसर पर पुरस्कारों एवं सम्मानों की योजना के अंतर्गत सबसे ज्यादा कर देने वाले व्यापारी को भामाशाह पुरस्कार दिया जायेगा। भामाशाह की जीवन यात्रा के संबंध में प्रदर्शनी का आयोजन सूचना विभाग द्वारा किया जायेगा। जिन महानुभावों ने प्रदेश में निवेश एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये हैं, ऐसे व्यापारियों को कार्यक्रम स्थल पर आमंत्रित कर सम्मानित किया जाये। मुख्य आयोजन का सूचना विभाग के माध्यम से समस्त जिलों में लाइव प्रसारण कराया जाए।

## बहुत दिनों तक नहीं चलेगी मोदी सरकार- दिग्विजय सिंह

प्रयागराज(आरएनएस)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विदय सिंह ने कहा कि मोदी सरकार बहुत ज्यादा दिनों तक नहीं चल सकेगी। किसान, मजदूर, नौजवान और छात्रों सहित सभी वर्ग इस सरकार से नाराज हैं। इसका असर लोकसभा चुनाव में दिख गया है। झूठ के पुलिंदे को लेकर चल रही केंद्र सरकार बहुत कम समय की मेहमान है। दिग्विजय सिंह बुधवार को शहर के गीता निकेतन के पास आयोजित कांग्रेस इंटक की बैठक में हिस्सा लेने पहुंचे थे। पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा।

पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने कहा कि नीट पेपर लीक मामला मध्य प्रदेश के व्यापमं घोटाले से भी बड़ा मामला है। एनटीए के अध्यक्ष को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए। कहा कि मोदी सरकार से जब नौजवानों के रोजगार के बारे में बात करता है तो भाजपा के नेता विपक्ष के परिवारवाद का मुद्दा उठाकर जनता को गुमराह करने का प्रयास करते हैं। हकीकत यह है कि भाजपा और आरएसएस से बड़ा परिवारवादी कोई नहीं है। सरकार में आरएसएस का परिवार ही भरा पड़ा है।

उन्होंने कहा कि यूपीए की मनमोहन सरकार ने खाद्य सुरक्षा कानून के तहत गरीबों में अनाज वितरण की व्यवस्था लागू की थी। गरीबों को गांव में ही रोजगार मिले इसके लिए कांग्रेस मनरेगा योजना लेकर आई थी। इन योजनाओं को मोदी सरकार अपनी योजना बताकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। जनता हकीकत जान चुकी है। इसका खामियाजा भाजपा को लोकसभा चुनाव में भुगतना पड़ा है। यह सरकार वैशाखी के सहारे चल रही है जो कभी भी गिर सकती है।

## ट्रेन के आगे कूद कर महिला ने दी जान

प्रयागराज(आरएनएस)। नवाबगंज थाना क्षेत्र में महिला ने ट्रेन के आगे कूद कर अपनी जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। नवाबगंज थानाक्षेत्र के दूधियापलपे निवासी लालू प्रसाद की पत्नी मंजूषा देवी के दामाद सुनील पटेल ने बताया कि कई दिनों से मंजूषा देवी मानसिक तौर से परेशान चल रही थी। आज घर पर सभी लोग सो रहे थे तभी मंजूषा देवी घर से चुपचाप निकली और घर से कुछ दूर जाकर ट्रेन के आगे कूद कर अपनी जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मंजूषा देवी के दो पुत्र एक पुत्री है। मंजूषा के पति किसानी करते हैं। मौत की सूचना के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

# जलाशय से जल जीवन मिशन के अन्तर्गत क्षेत्रीय गांवों में हो रही है जलापूर्ति –स्वतंत्रदेव सिंह

लखनऊ(आरएनएस) । उत्तर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने बताया कि सोन नदी में बने सोन पम्प नहर से डोंगिया जलाशय में गत 30 वर्षों में पहली बार जलाशय पूरा भरा गया और क्षेत्रीय लोगों को इस जलाशय से पानी दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जनपद सोनभद्र में वर्ष 1918 में गरई नदी पर डोगिया बांध का निर्माण किया गया था। जिसकी जलाशय क्षमता 28.33 एम0सी0एम0 है। डोगिया जलाशय से लगभग 15 कि0मी0 दूरी पर जनपद मीरजापुर के लखनिया दरी (लखनिया बियर) पर पानी आता है। लखनिया दरी के बांये तरफ से अहरौरा उच्च स्तरीय नहर निर्मित है जिसकी लम्बाई 07.700 किमी एवं डिस्चार्ज 125 क्यूसेक है। इस नहर से अहरौरा मुख्य नहर में पानी दिया जाता है। अहरौरा मुख्य नहर से 06 नहरें निकलती है जिसका कुल सी0सी0ए0 3609 हेक्टेयर है।जलशक्ति मंत्री ने बताया कि डोंगिया जलाशय से वर्ष 2023 से जल जीवन मिशन के अन्तर्गत तालर ग्र्राम समूह योजना हेतु 6.07 एम0सी0एम0 प्रतिवर्ष पानी की आपूर्ति की जा रही है। विगत वर्षों में सामान्य से कम वर्षा होने के कारण डोंगिया जलाशय में पानी की उपलब्धता कम होने से जल जीवन मिशन हेतु डोगिया जलाशय से पानी देना सम्भव नहीं था। उन्होंने बताया कि डोंगिया जलाशय में पानी की आपूर्ति हेतु घाघर मुख्य नहर के कि0मी0 38.500 के दायें बैंक से निकली डोंगिया फीडर जिसकी कुल लम्बाई 3.200 कि0मी0 व शीर्ष क्षमता 200 क्यूसेक एवं कनेक्टिंग ड्रेन के माध्यम से डोंगिया जलाशय को पानी की आपूर्ति पर विचार किया गया। इसे लगभग 30 वर्ष पूर्व (वर्ष 1995) में मीरजापुर में घाघर मुख्य नहर टेल से निकली मढ़िहान ब्रांच में पानी की उपलब्धता कम होने के कारण घाघर मुख्य नहर से डोंगिया फीडर को पानी की आपूर्ति बंद कर दी गई थी।

# कांग्रेसियों ने राहुल के एलओपी चुने जाने पर खुशी जतायी

प्रयागराज(आरएनएस)। शहर एवं जिला के प्रमुख कांग्रेसजनों ने राहुल गांधी के लोकसभा में विपक्ष के नेता चुने जाने पर खुशी जाहिर की है । इस बावत कांग्रेसजनों की एक बैठक बुधवार अपराह्न यूपी कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता किशोर वार्ष्णेय की अध्यक्षता में सिविल लाइंस में हुई। बैठक में राहुल गांधी द्वारा एलओपी फैसले को स्वीकार किये जाने का स्वागत किया गया।

वार्ष्णेय ने कहा कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष की हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनाव में निश्चित तौर पर प्रमुख स्टार प्रचारक के रूप में भूमिका काबिले तारीफ थी। वे एलओपी पद हेतु पूर्ण योग्य हैं। कहा कि वास्तव में वे लोकसभा चुनाव के मैन ऑफ दि मैंच थे जिन्होंने अनेक बार गेंद मैदान से बाहर मारी। इस मौके पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलायी।

प्रदेश कांग्रेस के महासचिव मुकुदं तिवारी, पीसीसी सदस्य द्वय फुजैल हाशमी एवं हरिकेश त्रिपाठी, परवेज सिद्दीकी, डा. सत्या पांडेय, अजय श्रीवास्तव, सरताज मोहम्मद, अजय मिश्रा, केशव पासी, कामेश्वर सोनकर, अरूण चौरसिया, राजेंद्र जायसवाल आदि थे।

## दो बाइक की टक्कर में युवक की मौत, साथी घायल

प्रयागराज(आरएनएस)। सरायइनायत थाना क्षेत्र में दो मोटरसाइकिल की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायल का इलाज एसआरएन में चल रहा है। सरायइनायत थाना क्षेत्र के चौहटा निवासी रणविजय का 22 वर्षीय पुत्र भोला यादव मोटरसाइकिल से बाजार गया था। सीएचसी बनी के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार मोटरसाइकिल से आमने–सामने टक्कर हो गई। जिससे भोला यादव गंभीर रूप से घायल हो गया और सामने वाले मोटरसाइकिल चालक की भी चोटे आई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को सीएचसी बनी ले गई जहां से एसआरएन के लिए रेफर कर दिया। एसआरएन में डॉक्टरों ने भोला को मृत घोषित कर दिया जबकि दूसरे मोटरसाइकिल चालक का इलाज में चल रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। भोला की मौत के बाद अस्पताल पहुंचे परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है।

# मोदी महंगाई बेरोजगारी जैसे मुददों पर कभी नहीं बोलते– दिग्विजय सिंह

## राष्ट्रीय सुरक्षा कर्मचारी महासंघ की बैठक में गरजे मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री

प्रयागराज। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महंगाई, बेरोजगारी एवं गरीबी पर कभी नहीं बोलते। आज यहां राष्ट्रीय सुरक्षा कर्मचारी महासंघ की बैठक में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए उन्होंने कहा कि मोदी ने बीते दस सालों में सिर्फ झूठ बोलने और नफरत फैलाने के अलावा कुछ भी नहीं किया। अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए वे अतीत को कुरेदते रहे। कांग्रेस को कोसने के सिवाए कुछ भी नहीं किया।

एनडीए की केंद्र सरकार के शीघ्र गिर जाने की बात कहते उन्होंने कहा कि छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले प्रधानमंत्री नीट के मामले में चुप है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले दस सालों में 41 बार परीक्षाओं के पेपर लीक हुये। अब अयोध्या के राम मंदिर की छत भी लीक हो रही।

बैठक में पूर्व केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री एमएम पल्लम राजू ने कहा कि सीमा पर चीन लाल आँखे दिखा हजारों वर्ग किलोमीटर देश की जमीन कब्जा कर चुकी है किंतु सरकार को कुर्सी की फिक्र है।राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिंह ने बैठक का संचालन किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक विजय प्रकाश, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव मुकुदं तिवारी, किशोर वार्ष्णेय, सुधाकर तिवारी, फुजैल हाशमी, हरिकेश त्रिपाठी, संजय तिवारी, अनिल पांडेय, हसीब अहमद आदि ने स्वागत किया।

# प्रयागराज में मालगाड़ी ट्रैक से उतरी, दिल्ली–हावड़ा रूट बाधित

## रूट की ट्रेनों को रोका गया, 24 ट्रेनें होंगी प्रभावित

प्रयागराज। दिल्ली–हावड़ा रेल रूट पर बुधवार को शाम बड़ा हादसा होने से बच गया। कानपुर से पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन की ओर जा रही मालगाड़ी प्रयागराज जंक्शन के यार्ड में निरंजन पुल पर डिरेल हो गई। मालागाड़ी के तीन वैगन पटरी से नीचे उतर गए। इससे अफरातफरी मच गई।डाउन ट्रैक लाइन पर हुई इस घटना के बाद इस रूट पर आ रही ट्रेनों को जहां तहां रोक दिया गया। कंट्रोल रूम से सूचना प्रसारित होने के बाद अहम ट्रेनों को आगे–पीछे के स्टेशनों पर रोका जाने लगा। करीब दो दर्जन से अधिक ट्रेनों पर इसका असर पड़ा है।इसमें दिल्ली–हावड़ा रूट अप–डाउन पूरी तरह से बाधित रहा। जबकि प्रयागराज–वाराणसी रेल मार्ग, प्रयागराज से वाया प्रयाग लखनऊ व प्रतापगढ़ मार्ग भी ट्रेनों का संचालन रुक गया। खबर पाकर रेलवे अफसर पहुंच गए। तकनीकी टीमें राहत बचाव का कार्य में जुट गईं। शाम पौने चार बजे गैस किट से पटरी से उतरे वैगनों को काटकर अलग किया गया। एक हिस्से को छिवकी की ओर व दूसरे हिस्से को प्रयागराज जंक्शन की ओर बढ़ाया गया। शाम लगभग पांच बजे गोरखपुर वंदे भारत को दूसरी लाइन से जंक्शन पर भेजा गया। जबकि घटना स्थल से पहले रुकी ट्रेनों से उतरकर लोग पैदल ही घर जाने लगे। उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल के पीआरओ अमित कुमार सिंह का कहना है कि सूचना मिलते ही रेलवे राहत बचाव की टीमें पहुंच गई हैं। रूट को जल्द से जल्द क्लियर किया जा रहा है। दिल्ली–हावड़ा रूट के डाउन ट्रैक पर घटना हुई है। कई टीमें काम कर रही ह

## ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

प्रयागराज(आरएनएस)। हंडिया थाना क्षेत्र में एक अधेड़ की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई सूचना पर पहुंची जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हंडिया थाना क्षेत्र के सीआडीह निवासी राजबहादुर घर से काम पर जाने के लिए निकले थे। लेकिन उनकी वासपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास कटा हुआ शव मिला। पुलिस ने आसपास के लोगों से पहचान कराई तो शव राज बहादुर का था। पुलिस ने परिवार को सूचना दी। परिजन घटना स्थल पर पहुँचकर राजबहादुर का शव देखकर बिखरगए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# सम्मान समारोह एवं पुस्तक विमोचन में बही कविताओं की बयार

प्रयागराज(आरएनएस)। जगदीश साहित्य संस्थान के तत्वाधान में हिंदूस्तानी एकेडेमी के सभागार में पुस्तक विमोचन और देश विदेश से पधारे विशिष्ट साहित्यकारों का सम्मान समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर एक भव्य कवि–गोष्ठी का भी आयोजन किया गया।कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना से हुआ। इस मौके पर जगदीश साहित्य संस्थान द्वारा प्रकाशित पंजाबी और हिंदी एकल एवं जगदीश सांझ काव्य पुस्तकों का विमोचन किया गया। इस अवसर पर विमोचन समारोह की अध्यक्षता कर रही मुख्य अतिथि सरदारनी गोविन्द कौर, सरदार राजिंदर सिंह बेदी, सरदार हरजिध्दर सिंह, जगदीश कौर ने पंजाबी साहित्य के विभिन्न तत्वों पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे अध्यक्ष द्वारा जगदीश साहित्य संस्थान प्रयागराज एवं उससे जुड़ी हुई साहित्यिक गतिविधियों की जानकारी दी।काव्य–गोष्ठी में देश और विदेश से पधारे कवियों और कवयित्रियों ने अपनी रचनाओ का सस्वर पाठ किया। ग्वालियर से पधारे कवि श्री महेंद्र भट्ट ने कवि–गोष्ठी की अध्यक्षता और लखनऊ से पधारे कवि महेश प्रकाश अस्थाना ने की।दोनो सत्रों मे प्रयागराज, पटना, मुबंई, कोलकाता, नागपुर, मथुरा, पुणे, सूरत, कोटद्वार, प्रतापगढ़, बिलासपुर, सिंगापुर, रेणुकूट और धनबाद इत्यादि स्थानों से पधारे कवियों और कवयित्रियों ने अपनी प्रस्तुति सबके बीच रखी। लखनऊ के मोहन प्रकाश अस्थाना मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित हुए।कार्यक्रम का सफल संचालन मनमोहन सिंह श्तन्हाश एवं जगदीश कौर ने किया। कार्यक्रम के अंत मे चयनित विशिष्ट साहित्यकारों का जगदीश साहित्य संस्थान की द्वारा अंग वस्त्र,जगदीश भूषण सम्मान पत्र और स्मृति–चिन्ह् आदि भेंट कर प्रयागराज की पुष्पा श्रीवास्तव, शशि जयसवाल, अरविंद कुमार पांडेय, डा□योगेन्द्र कुमार मिश्र षविश्वबन्धुष, इलियास हसन, निखिलेश मालवीय, प्रणव कुमार, अन्नपूर्णा मालवीया,श और हंसराज हंस को सम्मानित किया। जगदीश कौर ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया।

# ओवैसी देश के नाम पर कलंक के समान है– राजेंद्र मिश्रा

प्रयागराज(आरएनएस)। संसद भवन में संसद सदस्य के शपथ ग्रहण समारोह में असदुद्दीन ओवैसी के द्वारा जय फिलिस्तीन के नारे को लेकर भाजपाइयों ने कड़ी निंदा की है।भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा एवं जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने कहा कि ओवैसी जैसे लोग जिस थाली में खाते हैं उसी में छेद करते हैं।ओवैसी ने देश की संसद में फिलिस्तीन का जयकारा लगाकर अपनी वफादारी स्पष्ट कर दी है। ओवैसी, जिस देश का नमक खा रहे हैं, जिस देश की संसद में खड़े हैं, उसके लिए मुंह से एक जयकारा तक नहीं निकल सकता। ये वही लोग हैं जो जिस थाली में खाते हैं उसी में छेद करते हैं। ओवैसी जैसे लोग अपने समाज और देश के नाम पर कलंक समान हैं। निंदा करने वालों में कुंज बिहारी मिश्रा, देवेश सिंह वरुण केसरवानी, राजेश केसरवानी, रमेश पासी, विवेक अग्रवाल, विजय वैश्य , सुशील जैन, प्रमोद मोदी, राजू पाठक, गिरजेश मिश्रा, राघवेंद्र सिंह, प्रशांत शुक्ला, राकेश भारती, आनंद वैश्य सुदर्शन, पवन मिश्रा, अजय अग्रहरि ,शत्रुघ्न जायसवाल, नीरज केसरवानी कमलेश केशरवानी आदि भाजपा कार्यकर्ता रहे।

# युवक ने फांसी लगा कर दी जान

प्रयागराज(आरएनएस)। फूलपुर थाना क्षेत्र के बरना में एक युवक ने कमरे के अंदर दुपट्टे के सारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फूलपुर बरना निवासी सुदामा के दो पुत्र संजय और विजय है। सुदामा की पत्नी पार्वती को पैरालाइज है। घर का काम छोटा बेटा विजय करता था। जबकि संजय बाहर काम करता था। विजय ने बताया कि संजय काम से लौटने के बाद पैसा दिया और कमरे में चला गया। विजय ने खाना बनाने के बाद बड़े भाई संजय को बुलाने के लिए कमरे में गया तो देखा की संजय ने दुपट्टे के सहारे फंदा बनाकर पंखे से लटक रहा हैं। शोर मचाने पर आसपास के लोग इकट्ठा होकर संजय को फंदे से नीचे उतारा। तब तक संजय की सांसे थम चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## ओम बिड़ला को लोकसभा अध्यक्ष निर्वाचित होने पर भाजपाइयो ने दी बधाई

प्रयागराजध(आरएनएस) सांसद ओम बिड़ला को 18 वीं लोकसभा अध्यक्ष के पद पर निर्वाचित होने पर और लगातार दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बनने पर भाजपाइयों ने उन्हें बधाई दी।

बधाई देते हुए महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा एवं जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने कहा कि सांसद ओम बिड़ला सहज एवं कुशल विनम्र व्यवहार प्रतिभा के धनी है। उनके नेतृत्व में 18वीं लोकसभा का कार्यकाल लोकतंत्र की बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगा और उनके 5 वर्षों का अनुभव निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन विकसित भारत के निर्माण में सहायक सिद्ध होगा।

बधाई देने वालों में कुंज बिहारी मिश्रा देवेश सिंह, वरुण केसरवानी, राजेश केसरवानी, रमेश पासी, विवेक अग्रवाल, विजय वैश्य, प्रमोद मोदी, राजू पाठक, गिरजेश मिश्रा , राघवेंद्र सिंह, प्रशांत शुक्ला, राकेश भारती, आनंद वैश्य, सुदर्शन पवन मिश्रा, अजय अग्रहरि, शत्रुघ्न जायसवाल आदि महानगर के पदाधिकारी व कार्यकर्ता रहे।

# जीवन का कटु सत्य देख अवाक रह गए दर्शक ज्योतिष का चमत्कार तथा थैंक यू बच्चों नाटक का हुआ मंचन

प्रयागराज(आरएनएस)। संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के सहयोग से उल्लास बाल पर्व 2024 के अन्तर्गत यायावर रंगमण्डल द्वारा आयोजित नाट्य कार्यशाला में तैयार प्रस्तुतियां मोहम्मद हफीज के निर्देशन में ज्योतिष का चमत्कार तथा थैंक यू बच्चों नाटक का मंचन संगीत नाटक अकादमी में सफल मंचन हुआ। नाटक में संजय अपने दोस्तों के साथ रामलीला में होने वाले नाटक की रिहर्सल में जुटा हुआ है। इसी बीच संजय के दादा जी की तबियत खराब हो जाती है। और एक सड़क छाप ज्योतिष दादा जी को बता देता है कि उनकी जीवन लीला बहत ही जल्द समाप्त होने वाली है। दादा जी को ज्योतिष विद्या पर अटूट विश्वास है। इसीलिए वह उस सड़क छाप ज्योतिषी की बातों को सच मान बैठते है। यह बात जब संजय के दोस्त रमेश को मालूम होती है तो वह संजय के साथ मिलकर एक नाटक रचता है और वह खुद एक ज्योतिषी बाबा का भेष बनाकर दादा जी के पास आता है। फिर वह दादा जी को अपनी बातों से वशीभूत कर उनको बताता है कि आपकी उम्र बहत लम्बी है आप सौ वर्षों तक जियेंगे। दादा जी उसकी बातों से प्रसन्न हो उठते है और अपने आप को बिल्कुल भलाचंगा महसूस करने लगते है। फिर रमेश अपने दोस्तों के साथ अपना राज खोलता है, और तब दादा को इस बात का अहसास होता है कि हमें सड़क छाप ज्योतिषियों और बाबाओं केचक्कर में नही पड़ना चाहिए और अपने जीवन में अन्धविश्वास को जगह नहीं देनी चाहिए। नाटक में अभिनव सिंह, आदित्य सिंह, अनमोल मित्तल ने मुख्य भूमिका निभाई। यायावर रंगमण्डल द्वारा आयोजित दूसरे नाटक थैंक यू बच्चों में लेखन कार्यशाला में लेखन की प्रक्रिया से होते हुए बच्चो ने नाटक लिखा तथा उसमें अभिनय भी किया जिसमें दिखाया कि दादी जी रिया और यश को बहुत प्यार करती है, और उन्हें अच्छी बातों की शिक्षा देती रहती हैं। वहीं दूसरी ओर रिया और यश की मम्मी (मान्यता) दादी जी से अच्छा व्यवहार नहीं करती हैं। उनके खिलाफ अपने पति (रोहित)के कान भरती रहती हैं। सोने पर सुहागा तो उस समय होता है जब मान्यता की सहेली (स्वाती) उससे मिलने आती है। वह पश्चिमी सभ्यता से प्रभावित नई विचार धारा की युवती हैं। वह मान्यता को समझाती है कि बूढ़ा को कहां तक झेलोगी इन्हें तुम श्ओल्ड एज होमश भेज दो। मान्यता अपनी सहेली की बातों से सहमत हो जाती है और रोहित को समझाती है कि मां जी को हमेश ओल्ड एजहोजश भेज देना चाहिए। जब यह बात रिया और यश को पता चलती है तो वह दोनो अपने दोस्तों के साथ मिलकर अपने मम्मी पापा को सबक सिखाने के उददेश्य से उनके साथ वैसा ही व्यवहार करते है जैसे कि वह उनकी दादी के साथ करते रहे हैं। मम्मी पापा अपने बच्चों के व्यवहार से गहरा धक्का लगता है, और अब उन्हे इस बात का एहसास होता है, कि वह जो बच्चों की दादी के साथ कर रहें थे, और उनके प्रति जो उनकी सोच थी वह कितनी गलत थी। मान्यता और रोहित अपने बच्चो को थैंक यू बोलते है कि बच्च्चों ने समय रहते उनकी आँखे खोल दी।

# संपादकीय

## आरक्षण रद्द बिहार सरकार को तगड़ा झटका

पटना हाई कोर्ट ने 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत किए गए राज्य सरकार के आरक्षण को रद्द कर दिया है। यह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई वाली बिहार सरकार को तगड़ा झटका माना जा रहा है।

यह दलितों, पिछड़े वर्गों व आदिवासियों को सरकारी नौकरियों व शिक्षण संस्थानों में दिया जा रहा था। बिहार की तत्कालीन महागठबंधन सरकार द्वारा बीते साल नवम्बर में जाति गणना के आधार पर इन वर्गों के लिए आरक्षण सीमा बढ़ाने का कानून बनाया गया था।

अदालत ने विभिन्न याचिकाओं की सुनवाई के बाद इस बढ़ी आरक्षण सीमा को संविधान के अनुच्छेद 14, 16 व 20 का उल्लंघन बताया। जैसा कि शीर्ष अदालत पहले ही स्पष्ट कर चुकी है कि कोई भी राज्य सरकार 50 प्रतिशत की तय सीमा से अधिक कोटा नहीं लागू कर सकती है, जबकि बिहार में आर्थिक रूप से पिछड़ों के लिए 10 फीसद मिलाकर यह आरक्षण 75 प्रतिशत पहुंच गया था।

अदालत का मानना है कि बिहार में कुल जनसंख्या के केवल 1.57 प्रतिशत लोग ही सरकारी नौकरियों में हैं। जनसंख्या के अनुपात में सरकारी नौकरियों में पिछड़े वर्ग का प्रतिनिधित्व भी पर्याप्त बताया जा रहा है।

हालांकि राज्य सरकार इस आदेश के खिलाफ सबसे बड़ी अदालत का दरवाजा खटखटाने की तैयारी में है। दरअसल, जैसा नजर आता है कि आरक्षण अब राजनीतिक पार्टियों के लिए जनता को फुसलाने का साधन मात्र रह गया है। उनका ध्येय समाज में व्याप्त गैर–बराबरी को मिटाना नहीं रहा।

वे मतदाताओं को बड़ी तादाद में प्रभावित करने के उद्देश्य से व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करते नजर आते हैं। तमाम अगड़ी जातियां मानती हैं कि आरक्षण के चलते नौकरियों क लाले पड़ रहे हैं। वे स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के प्रभावित होने का रोना भी रोती रहती हैं, परंतु यह भी गलत नहीं है कि हमारी सामाजिक व्यवस्था में विभिन्न जातियोंध्समुदायों को जबरदस्त अन्याय सहना पड़ा है।

उनके लिए कोटा तय कर, उन्हें सामाजिक, शैक्षणिक व आर्थिक तौर पर बराबरी पर लाने के प्रयासों पर अड़चनें लाने उचित नहीं है। यूं तो अन्य राज्यों में भी सत्ताधारी दल लाभ के लोभ में कोटा बढ़ाते रहने को उतावले हो सकते हैं।

इसलिए बिना देरी किए, इस पर लगाम लगाना लाजमी है। कमजोर वर्ग की सहूलियत के लिए, उन्हें सहायता देने व जीवन स्तर बेहतर बनाने के अन्य तरीकों पर भी विचार किए जाने की आवश्यकता से इनकार नहीं किया जाना चाहिए।

## अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का महत्व

विश्व में भारत का डंका बजा कर पिछले दस सालों में मोदी जी ने भारत को विश्व गुरु बना दिया है । अनेक वर्षों से यू.एन.ओ. की पहल पर 21 जून को योग दिवस मनाया जाता है । इस वर्ष प्रधानमंत्री मोदी जी ने कश्मीर में योग दिवस मनाया । टी.वी. पर जो चित्र दिखलाये जा रहे थे उनसे ज्ञात होता है कि योग करने वालों में इस्लाम धर्म को मानने वाले भी बड़ी संख्या में मौजूद थे । अनेक मुस्लिम देशों में अब योग को नियमित रूप से अपनाया जाने लगा है । यहां तक कि भारत का कट्टर विरोधी पाकिस्तान भी योग दिवस मनाता है । छरू दर्शनों में पतंजलि का योग दर्शन भी है । योगी कोई हिन्दू प्रणाली नहीं है । मोदी जी के अनुसार योग चित्त को स्थिर करता है और एकाग्रता लाने में मददगार होता है । शास्त्रों में कहा गया है कि योग विद्या नहीं अपितु विज्ञान है जो आधुनिक पैमाने पर खरा उतरता है । मोदी जी ने अपने संबोधन में इस अवसर पर कहा कि योग से व्यक्ति को शक्ति मिलती है । यह एकाग्रता लाने में सहायक है । योग मन की ताकत को बढ़ाता है । प्रधानमंत्री ने कहा कि अब विश्व के कोने–कोने में योग की महत्ता लोग समझ गये हैं । संयुक्त राष्ट्र संघ ने दस वर्ष पूर्व 21 जून को विश्व योग दिवस घोषित किया था । अमरीका में तो अब योग शिक्षा के लिए नियमित क्लासें लगती हैं और वहां के स्त्री पुरुष रोज सुबह नियमित योग करते हैं । दस वर्ष पूर्व संयुक्त राष्ट्र संघ में कुल 177 देशों के प्रस्ताव के साथ यह तय हुआ कि 21 जून को प्रति वर्ष अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जायेगा । मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने निर्णयों से इस दिवस को अविस्मरणीय बना दिया है । उन्होंने अपने संबोधन में योग के साथ–साथ आयुर्वेद और आयुष चिकित्सा पद्धति पर भी बात की । टी.वी. की खबरों के अनुसार सारे केन्द्रीय मंत्रियों ने अपने–अपने कार्यालयों या लोकसभा क्षेत्रों में अपने सहयोगियों के साथ योग किया ।

यह सुखद घटना है कि विपक्ष ने भी इस पर कोई राजनीति न करते हुए स्वयं में व योग में भाग लिया । प्रदेश जिला स्तर पर कलेक्टर और अन्य विभागों के विभागाध्यक्षों ने अपने–अपने कार्यालय में योग किया ।

भारत में योग को फैलाने में स्वामी बाबा रामदेव का बड़ा हाथ है । इस बात को स्वयं सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकारा और सराहा था । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्य प्रदेश में एक योग आयोग बनाने की बात की है । इसके साथ ही आनंद विभाग और आयुष मंत्रालय को भी जोड़ा जायेगा । मध्य प्रदेश के विश्व विद्यालयों में योग को एक विषय के रूप में पढ़ाया जायेगा ।

योग से एक नई संचेतना आती है और इससे चित्त को एकाग्र करने की शक्ति मिलती है । इसलिए विद्यार्थियों के लिए तो योग एक प्रकार से संजीवनी है जिससे वे अपने विषय को और गहनता से और ग्रहण कर सकते हैं । इस अवसर पर अनेक वक्ताओं ने कहा कि योग से निरोगी काया प्राप्त होती है । आज विश्व में योग का महत्व लोग समझ गये हैं ।

आने वाले बरसों में मोदी जी के नेतृत्व में भारत की और विद्याएं और कलाएं विश्व में फैलेंगी और पुनरू विश्व में भारत का डंका बजेगा । भारतीय विद्या का महत्व तात्कालिक न होकर स्थाई होता है और भारतीय विद्या आध्यात्म और ईश्वरीय शक्ति से जुड़ी है । इस ईश्वर को हम अलग–अलग नामों से जानते हैं परन्तु इसका प्रभाव स्थाई और चिरकालिक है । हम मात्र 21 जून को ही योग न करके इसे अपने जीवन का स्थाई भाव बनायें । दैनिक अजय भारत की ओर से सभी को शुभकामनाएं ।

# नेता विपक्ष का ओहदा तय करेगा राहुल गांधी का सियासी भविष्य ?



कांग्रेस हो या भाजपा प्रचंड जीत से बौराने की प्रवृति से सभी दलों को तौबा करना होगा। 2024 का जनादेश सभी के लिए सीख जैसा है। कांग्रेस को जनता ने नया जीवनदान दिया है। इसलिए कांग्रेस के सितारे एक बार फिर थोड़े से चमके हैं। 16वीं और 17वीं लोकसभा में नबंरों के लिहाज से कांग्रेस बीते 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में इतना पिछड़ गई थी कि उन्हें नेता प्रतिपक्ष का पद भी नसीब नहीं हुआ। नेता विपक्ष पद की बात तो दूर, पार्टी का भविष्य और अस्तित्व भी खतरे में पड़ गया था। कम नंबर संख्या के कारण ही संसद में नेता विपक्ष की सीट भी रिक्त रही। पर, कहते हैं कि सियासत में चमत्कार की संभावनाएं अन्य क्षेत्रों के मुकाबले ज्यादा रहती हैं। किसके सितारे बुलंद हो जाए और किसके अचानक बुझ जाएं? इसका दामोदर सब कुछ जनता–जर्नादन के मूड और विचारों पर निर्भर रहता है? बीते 2024 के आम चुनाव में हुआ भी कमोबेश कुछ ऐसा ही? भाजपा 400 पार के नारे के साथ फिर से प्रचंड बहुमत में आने को पूरी तरह आश्वस्त थी, लेकिन जनता ने अस्वीकार कर दिया। मौका जरूर दिया, लेकिन आधा–अधूरा? हालांकि, कांग्रेस ने इस बार उम्मीद से कहीं बढ़कर बेहतीन प्रदर्शन कर खुद को लड़ाई में बरकरार रखा। कांग्रेस हो या भाजपा प्रचंड जीत से बौराने की प्रवृति से सभी दलों को तौबा करना होगा। 2024 का जनादेश सभी के लिए सीख जैसा है। कांग्रेस को जनता ने नया जीवनदान दिया है। इसलिए कांग्रेस के सितारे एक बार फिर थोड़े से चमके हैं। पिछली बार मात्र 44 सांसद ही जीतकर संसद पहुंचे थे। पर, ये आंकड़ा इस दफे 99 तक पहुंचा है। तभी कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष के लिए दावेदार हुई है। अच्छे नंबरों से पास होने का ही नतीजा है कि नेता विपक्ष के लिए राहुल गांधी के नाम पर ताजपोशी होनी विपक्षी धड़े की ओर से मुकर्रर हुई है। पर, जनता का संदेश पक्ष और विपक्ष दोनों के लिए बराबर है? जो जनता के हित में काम करेगा, उसकी जयकार होगी। वरना, घमंड़ चकनाचूर करने में देश के मतदाता जरा भी नहीं हिचकेंगे? 2024 के जनादेश ने देश की सियासी तस्वीर पूरी तरह से बदल दी है। चाहे प्रधानमंत्री हों या नेता विपक्ष सभी से काम की उम्मीद करती है। नेता भी अब समझ गए हैं कि लच्छेदार बातों और हवा–हवाई दावों से अब काम नहीं चलने वाला? बहरहाल, गठबंधन राजनीति में नेता विपक्ष के पद को पूरे पांच वर्ष तक सुचारू रूप से यथावत रखना भी किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं होगा? पद पर आसीन होने वाले औहदेदार के लिए भी चुनौतियों की भरमार रहेंगी। उन्हें हर घड़ी अग्निपरीक्षा से गुजरना होगा। नेता विपक्ष का पद राहुल गांधी की सियासी समझ की भी कठिन परीक्षा लेगा? क्योंकि सत्तापक्ष और देश की एक बड़ी आबादी अभी तक उन्हें सियासत का 10वीं पास छात्र ही समझती रही है। दरअसल समझने के कई ताजा उदाहण भी सामने मुंह खोले जो खड़े हैं। राहुल गांधी कई बार अपने सियासी प्रयोगों में विगत वर्षां में असफल हुए हैं इसलिए भी लोगों को थोड़ा बहुत संदेह अब भी है? उनके सियासी इतिहास के पन्ने खोले तो सामने एक विफलता भरी तस्वीर उभरती है कि वह कांग्रेस अध्यक्ष का पद भी अच्छे से निर्वाह नहीं कर सके, जिसके चलते उन्हें पद छोड़ना पड़ा था। अमेठी से चुनाव भी हारे और अपनी अगुआई में पार्टी को चुनाव लड़ाकर भी ज्यादा कुछ नहीं कर सके। कुल मिलाकर उनके हिस्से में सियासी असफलता की भरमार है। पर, इन गुजरे वर्षों में अच्छी बात ये रही, वह लगातार हारने के बावजूद भी हिम्मत नहीं हारे, सियासी मैदान में डटे रहे? खुद को साबित करने के लिए भारत जोड़ो यात्रा निकाली, जिसमें लोगों का समर्थन हासिल किया। यही कारण है, जनता ने उनपर थोड़ा भरोषा जताया है। खैर, राजनीति में असफलता ज्यादा मायने नहीं रखती, कोई भी हार सकता है। इसलिए ये पुरानी और बेजान बातें ही हैं। सियासत ऐसा अखाड़ा है जहां अच्छे से अच्छा खिलाड़ी चित हुआ है। ताजा उदाहरण मौजूदा लोकसभा चुनाव का परिणाम है जिसमें बड़े से बड़े शूरमा धराशाही हो गए हैं। अपने राजनीतिक कॅरियर में राहुल गांधी पहली मर्तबा कोई संसदीय औहदा संभालने जा रहे हैं। 18वीं लोकसभा में वह नेता विपक्ष की भूमिका में होंगे, जिसे इंडिया गठबंधन के तकरीबन सभी प्रमुख नेताओं ने अपनी स्वीकृति प्रदान की है। राहुल की उम्मीदवारी की स्वीकृति के लिए प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब को कांग्रेस की ओर से बीती 25 जून की देर शाम को अर्जी भी भेज दी गई है। हालांकि उनके इस पद को लेकर कोई अड़चन या अड़गा इसलिए नहीं लगेगा, क्योंकि संसदीय परंपरा और नियमानुसार नेता विपक्ष के लिए किसी भी दल के पास दस फीसदी सांसद होने चाहिए, जिसमें कांग्रेस सफल है। नेता विपक्ष का पद कांग्रेस को दस साल बाद नसीब होगा। राहुल नेता विपक्ष बनने वाले गांधी परिवार से तीसरे सदस्य होंगे। उनके पहले उनके पिता तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी और सांसद माता सोनिया गांधी रह चुकी हैं। प्रतिपक्ष भारतीय संसद के दोनों सदनों में, प्रत्येक में आधिकारिक विपक्ष का नेतृत्वकर्ता होता है। इसलिए नेता विपक्ष का औहदा अपने आप में बहुत मायने रखता है। प्रधानमंत्री जैसी एक तिहाई शक्तियां उन्हें प्रदान होती हैं। सुविधाएं केंद्रीय मंत्री से कहीं बढ़ दी जाती हैं। तनख्वाह भी तीन लाख रुपए से ऊपर होती हैं। इसके अलावा नेता विपक्ष ईडी निदेशक, सीबीआई प्रमुख, सीवीसी जैसे उच्चस्थ पदों की नियुक्ति में सहभागी होता है। प्रधानमंत्री को नियमानुसार नेता विपक्ष की राय लेनी अनिवार्य होती है। नेता विपक्ष अभिलेखा समिति का भी प्रमुख रहता है जो सरकार के प्रत्येक निर्णयों और खर्चों पर निगाह रखता है।

# भाजपा को उत्तर प्रदेश में पराजय के बोध से उबरना ही होगा

उत्तर प्रदेश में भाजपा की पराजय के साइड इफैक्ट हर तरफ दिखने लगे हैं। जिन जिलों में इंडी गठबंधन के सांसद बने हैं उन जिलों में आपराधिक गतिविधियों में जबरदस्त तेजी आई है। सीतापुर जिले में नए बने कांग्रेस सांसद ने थाने में धरना देकर एक नाबालिग अपराधी को थाने से ही छुड़ा लिया।उत्तर प्रदेश की जनता ने 2024 लोकसभा चुनावों में हैरान करने वाले चुनाव परिणाम दिये हैं। भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश में 80 में से 80 लोकसभा सीटें जीतने का नारा दिया था किंतु भाजपा गठबंधन मात्र 37 सीटों पर ही सिमटकर रह गया। भाजपा अयोध्या वाले संसदीय क्षेत्र फैजाबाद तक से हार गई जहाँ प्रभु श्रीराम दिव्य भव्य एव नव्य राम मंदिर में प्रवेश कर चुके हैं तथा विविध प्रकार के विकास कार्य चल रहे हैं । ये हार हर किसी को आश्चर्य में डाल रही है। आज भी हर तरफ यही चर्चा हो रही है कि अरे भाजपा फैजाबाद में कैसे हार गई ? आखिर क्यों, फिर यह चर्चा लंबी खिंच जाती है और भाजपा समर्थकों व शुभचिंतकों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंचने लगती हैं कि अब होगा क्या? भाजपा का हर शुभचिंतक अपने अपने स्तर पर गहन समीक्षा कर रहा है किंतु क्या बीजेपी आलाकमान व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जनमानस की चिंताओं के साथ खड़े हैं या नहीं। महिलाएं भी अयोध्या पराजय पर चर्चा कर रही हैं कि फ्री राशन, घर, शौचालय, दवाई व राम मंदिर के बाद भी भाजपा क्यों पराजित हो गई? प्रदेश में भाजपा की पराजय के जो मुख्य बिंदु निकलकर सामने आ रहे हैं उसमें प्रत्याशियों का गलत चयन, राजग गठबंधन के नेताओं की गलत बयानबाजी, क्षत्रियों व राजपूतों की नाराजगी को हलके में ले लेना तथा मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में वोट जिहाद का हो जाना आदि तो था ही मीडिया की मानें तो संघ व भाजपा के बीच आतंरिक टकराव भी एक कारण रहा। वर्तमान समय में जब नरेंद्र मोदी सरकार के नेतृत्व में ऐसे ऐसे अदभुत कार्य हो रहे हैं जिनका प्रभाव हजार साल तक रहने वाला है उस समय संघ नेतृत्व ने इतनी बड़ी गलती क्यों कर दी? क्या वो सच ही मोदी जी का अहंकार तोड़ना चाहते थे या अपने ही पैरों में कुल्हाड़ी मार रहे थे? क्या स्वयं को मातृ संस्था कहने वालों को भी आत्मसंयम का परिचय नहीं देना चाहिए था? ये कठिन प्रश्न मीडिया और सोशल मीडिया में जंगल की आग की तरह फैल चुके हैं। इसे पूरे दावानल में आम सनातनी ठगा सा खड़ा है। प्रदेश में भाजपा की पराजय के साइड इफैक्ट हर तरफ दिखने लगे हैं। जिन जिलों में इंडी गठबंधन के सांसद बने हैं उन जिलों में आपराधिक गतिविधियों में जबरदस्त तेजी आई है। सीतापुर जिले में नए बने कांग्रेस सांसद ने थाने में धरना देकर एक नाबालिग अपराधी को थाने से ही छुड़ा लिया। इकरा हसन के समर्थकों ने हिन्दुओं पर हमला बोला और सोनभद्र में एक हिन्दू परिवार घर छोड़ने को विवश है, ऐसी ही अनेक घटनाएं प्रकाश में आ रही हैं। लोकसभा चुनाव समाप्त हो जाने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों का भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ दुर्व्यव्यहार बढ़ता जा रहा है। राजधानी लखनऊ में वाहन जांच के नाम पर भाजपा प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी के साथ अभद्रता की गई यद्यपि घटना के बाद ट्रैफिक दारोगा आशुतोष त्रिपाठी को निलंबित कर दिया गया है। राकेश त्रिपाठी का कहना है कि पुलिस भाजपा का झंडा लगा देखकर वाहन को रोक रही है जब लखनऊ में भाजपा प्रवक्ता के साथ इस प्रकार की घटना घटित हो रही है तब प्रदेश के दूसरे जिलों में क्या हाल हो रहा होगा। प्रदेश का पुलिस प्रशासन अभी भी लापरवाही तथा भ्रष्टाचार में संलिप्त है तथा महिला थाने तक में पीड़ितों से रिश्वत मांगी जा रही है। हालाँकि अकबरनगर का अतिक्रमण हटाकर सरकार ने सख्त प्रशासन की अपनी छवि बचाने का प्रयास किया है। मीडिया की मानें तो राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ ने उप्र के अवध क्षेत्र की

# धरती का पलय बाढ़ से नहीं आसमान से बरसती आग से

प्रमोद भार्गव

इस बार वैश्विक गर्मी चरम पर है। विश्व मौसम संगठन (डब्ल्यूएमओ) के अनुसार बीते वर्ष और पिछले दशक ने धरती पर आग बरसाने का काम किया है।

अमेरिका की पर्यावरण संस्था वैश्विक विटनेस और कोलंबिया विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने एक अध्ययन में पाया है कि तेल और गैस के अधिकतम मात्रा में उत्पादन से ये हालात पैदा हुए हैं। यदि इन ईंधनों के उत्सर्जन का यही हाल रहा तो 2050 तक गर्मी चरम पर होगी।

गर्मी से जीव–जगत की क्या स्थिति होगी? अनुमान लगाना भी मुश्किल है। बढ़ते वैश्विक तापमान और जलवायु परिवर्तन के कारण प्राकृतिक आपदाओं की संख्या और तीव्रता में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है। इसीलिए कहा जा रहा है कि धरती पर पलय बाढ़ से नहीं, आसमान से बरसती आग से आएगी। धरती के जीव–जगत पर करीब तीन दशक से जलवायु परिवर्तन के वर्तमान और भविष्य में होने वाले संकटों की तलवार लटकी हुई है। संकट से निपटने के उपायों को तलाशने के लिए 198 देश जलवायु सम्मेलन करते हैं। इन सम्मेलनों का प्रमुख लक्ष्य रहा है कि दुनिया उस रास्ते पर लौटे, जिससे बढ़ते वैश्विक तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक स्थिर रखा जा सके लेकिन जो संकेत मिल रहे हैं, उनसे स्पष्ट है कि कुछ सालों के भीतर गर्मी तापमान की इस सीमा का उल्लंघन कर लेगी क्योंकि इस बार तीन सप्ताह से लगातार गर्मी का तापमान 40 से 55 डिग्री तक बना रहा। दिल्ली में तापमान 52.9 डिगी तक पहुंच चुका है। सऊदी अरब में भीषण गर्मी के चलते 1000 से ज्यादा हज यात्रियों की मौत हुई है।

इस कदर गर्मी का अनुमान पर्यावरणविद् ने पहले से लगा लिया था। इनकी सलाह पर 100 से ज्यादा देश 2030 तक दुनिया की नवीनीकरण योग्य ऊर्जा को बढ़ाकर तीन गुना करने के प्रयास में जुटे हैं। इसके अंतर्गत अक्षय ऊर्जा के प्रमुख स्रेत सूर्य, हवा और पानी से बिजली बनाने के उपाय सुझाए गए हैं। पर्यावरणविद् के मुताबिक, सदी के अंत तक पृथ्वी की गर्मी 2.7 प्रतिशत बढ़ जाएगी। नतीजतन, पृथ्वीवासियों को तबाही का सामना करना पड़ेगा।

इस मानव निर्मित वैश्विक आपदा से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण सम्मेलन, जिसे कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज (सीओपीध्कॉप) के नाम से भी जाना जाता है, में पेरिस समझौते के तहत वायुमंडल का तापमान औसतन 1.5 डिग्री सेल्सियस से कम रखने के प्रयास के प्रति भागीदार देशों ने वचनबद्धता भी जताई। लेकिन लंबे समय से चल रहे रूस और यूक्रेन तथा इस्राइल और फिलिस्तीन युद्ध के चलते नहीं लगता कि कार्बन उत्सर्जन पर नियंतण्र के लिए नवीकरणीय ऊर्जा को जो बढ़ावा दिया जा रहा है, वह स्थिर रह पाएगा क्योंकि जिन देशों ने वचनबद्धता निभाते हुए कोयला से ऊर्जा उत्सर्जन के जो संयंत्र बंद कर दिए थे, उनमें से कई रूस ने चालू कर लिए हैं।

नवम्बर, 2021 में ग्लासगो वैश्विक सम्मेलन में तय हुआ था कि 2030 तक विकसित देश और 2040 तक विकासशील देश ऊर्जा उत्पादन में कोयले का प्रयोग बंद कर देंगे यानी 2040 के बाद थर्मल पावर अर्थात ताप विद्युत संयंत्रों में कोयले से बिजली का उत्पादन पूरी तरह बंद हो जाएगा। तब भारत–चीन ने पूरी तरह कोयले पर बिजली उत्पादन पर असहमति जताई थी, लेकिन 40 देशों ने कोयले से पल्ला झाड़ लेने का भरोसा दिया था। 20 देशों ने विश्वास जताया था कि 2022 के अंत तक कोयले से बिजली बनाने वाले संयंत्रों को बंद कर दिया जाएगा परंतु उपरोक्त युद्धों के चलते अनेक देशों ने अपने थर्मल पावर बंद नहीं किए हैं। बदलते हालात में हमें जिंदा रहना है तो जिंदगी जीने की शैली को भी बदलना होगा। तापमान में वृद्धि को पूर्व औद्योगिक काल के स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करना है तो कार्बन उत्सर्जन में 43 प्रतिशत कमी लानी होगी। आईपीसीसी ने 1850–1900 की अवधि को पूर्व औद्योगिक वर्ष के रूप में रेखांकित किया है। इसे ही बढ़ते औसत वैश्विक तापमान की तुलना के आधार के रूप में लिया जाता है।

गोया, कार्बन उत्सर्जन की दर नहीं घटी और तापमान में 1.5 डिग्री से ऊपर चला जाता है तो असमय अकाल, सूखा, बाढ़ और जंगल में आग की घटनाओं का सामना निरंतर करते रहना पड़ेगा। बढ़ते तापमान का असर केवल धरती पर होगा, ऐसा नहीं है। समुद्र का तापमान भी बढ़ेगा और कई शहरों के अस्तित्व के लिए समुद्र संकट बन जाएगा। दुनिया में बढ़ती कारें भी गर्मी बढ़ाने का सबसे बड़ा कारण बनती जा रही हैं। 2024 में वैश्विक स्तर पर कारों की संख्या 1.475 बिलियन आंकी जा रही है या प्रत्येक 5.5 व्यक्ति पर एक कार है, जो प्रदूषण फैलाने का काम कर रही हैं। इन पर भी नियंतण्र जरूरी है।

# आज का राशिफल

मेष राशि आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आप ऑफिस में अपना चमत्कारी प्रभाव दिखाने वाले हैं, कोई बहुत ही कठिन काम बड़ी आसानी से पूरा करने में सफल रहेंगे और आप अपने काम से बॉस के खास बन जायेगे। आज बेवजह के खर्चों से बचें क्योंकि थोड़ा–थोड़ा करके काफी लम्बा खर्चा हो सकता है। आज जीवनसाथी से कोई उपहार मिलने वाला है। बच्चों की उपलब्धियों से समाज में मान सम्मान बढ़ेगा।

शुभ रंग– भूरा
शुभ अंक– 5

वृष राशिरू आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपका आध्यात्मिक लोगों से मिलना होगा। आज थोड़े से प्रयास से बड़ी उपलब्धि हासिल हो जायेगी। राजनीति में बड़े लोगों से मेल–जोल बढ़ेगा। आज आपकी देर शाम दोस्तों के साथ मीटिंग हो सकती है, इससे आपको कोई बड़ा लाभ भी होगा। आपको अच्छे स्वास्थ्य के लिए थोड़ा समय निकालना चाहिए। बेहतर होगा की सुबह–सुबह योग करनें की आदत डालें। आर्थिक स्थिति मजबूत होने वाली है, और अब जल्द ही आपकी आमदनी फिक्स हो जाएगी।

शुभ रंग– लाल
शुभ अंक– 9

मिथुन राशिरू आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आज आप अपनी चतुराई से बिजनेस को तीव्र गति से दौड़ा देंगे जल्द ही सभी समस्याओं का समाधान निकाल लेंगे और आप मालामाल हो जायेगे। इस राशि के जो लोग रंगमंच से जुड़े हैं, उन्हें आज अपना कौशल दिखाने के लिए कोई बड़ी उपलब्धि हासिल होगी। बच्चों की जिम्मेदारी पूरी करने का वक्त आ गया है और प्रभु की कृपा से सफलतापूर्वक आप अपनी जिम्मेदारी को पूरा भी कर लेंगे। अपना व अपनों का खास ख्याल रखें।

शुभ रंग– काला
शुभ अंक– 3

कर्क राशिरू आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज वाणी पर नियंत्रण करके आप सफलता हासिल कर लेंगे। आज प्रोफेशनल लाइफ से जुड़े बड़े फैसले ले सकते हैं, जिससे आपको आगे चलकर अच्छा परिणाम हासिल होगा। स्वास्थ्य पर आज सकारात्मक असर देखने को मिलेगा। परिवारजनों के साथ किसी पर्यटन–स्थल पर घूमने जायेंगे। आपको सामाजिक क्षेत्र में सफलता और यश–कीर्ति प्राप्त होगी। छात्रों के लिए समय अनुकूल रहने वाला है। मेहनत जारी रखें सफलता मिलने के योग बने हुए हैं।

शुभ रंग– पीला
शुभ अंक– 7

सिंह राशिरू आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपको ऑफिस में कोई ऐसा काम दिया जा सकता है जो चुनौतीपूर्ण है, लेकिन आप सफलता पूर्वक उसे निपटाने की पूरी भरपूर कोशिश करेंगे। आज आपकी कुछ कठिन विषयों में रुचि बढ़ सकती है। बिजनेस में नए अनुभव मिलने की सम्भावना है। आज आपकी लगन और मेहनत पर लोग गौर करेंगे... जल्द ही नौकरी में प्रमोशन के साथ ही इनकम में भी इजाफा होगा। घरेलू जीवन में सामंजस्यपूर्ण स्थिति बनी रहेगी। साझेदारी के व्यवसाय से आपको लाभ हो सकता है।

शुभ रंग– गोल्डन
शुभ अंक– 3

कन्या राशिरू आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज किस्मत आपका साथ देने वाली है। आज आपको कोई खुशखबरी मिलेगी। कार्यक्षेत्र में आपको मिला–जुला परिणाम प्राप्त होगा। इस राशि के स्टूडेंट्स को उनके सीनियर्स से भरपूर मदद मिलेगी। जीवनसाथी के नजरिये को समझकर व्यक्तिगत समस्याएं सुलझाएंगे तो दोनों में अच्छी अंडरस्टैंडिंग बनेगी। आज आप रसोई के लिए जरूरी चीजों की खरीदारी में व्यस्त रहेगें। आज आपका मन पूजा पाठ में लगेगा।

शुभ रंग– मैजेंटा
शुभ अंक– 4

तुला राशिरू आज आपका दिन खास होने वाला है। हँसी–मजाक में कही गई बातों को लेकर उलझने से बचें। व्यापार की बढ़ोतरी के लिए आज आप कुछ अलग प्लान बनायेंगे। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है, अपने रिश्ते की बात घर पर करेंगे। घरवाले इसपर सोच विचार करेंगे। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। किसी टॉपिक को समझने में शिक्षकों का सहयोग मिलेगा।

शुभ रंग– भूरा
शुभ अंक– 1

वृश्चिक राशिरू आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज आप अपने भाई के किसी महत्वपूर्ण कार्य में मदद करेंगे। आज आपको अपने दोस्तों के साथ कही घूमने का अवसर मिलेगा। आज अपना पसंदीदा काम निपटाने की योजना बना सकते हैं। रुके काम शुरू करने में किसी की मदद लेंगे। नौकरी के लिहाज से दिन काफी ठीक रहेगा, साथ ही काम में मन लगेगा और उत्साह भी बढ़ेगा। आज किसी से आर्थिक लेन–देन में आपको सतर्क रहने की जरूरत है।

शुभ रंग– सिल्वर
शुभ अंक– 6

धनु राशिरू आज आपका दिन नया बदलाव लेकर आया है। आज बनायी गई व्यापार संबंधित नई योजनाएं काफी आकर्षक साबित होंगी और अच्छी आमदनी का जरिया भी साबित होगी।

# ऑस्ट्रेलिया पहुंचे विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे, पत्नी को लगाया गले

अदालत में दायर एक पत्र में अमेरिकी न्याय विभाग के अनुसार, उनसे गैरकानूनी तरीके से वर्गीकृत राष्ट्रीय रक्षा जानकारी प्राप्त करने और प्रसारित करने की साजिश रचने के जासूसी अधिनियम के आरोप में दोषी ठहराए जाने की उम्मीद है। विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे बुधवार को ऑस्ट्रेलिया पहुंचे और अमेरिकी जासूसी कानूनों का उल्लंघन करने का दोषी मानने के बाद अपनी पत्नी स्टेला से फिर मिले। इस दलील समझौते ने उनकी 14 साल की कानूनी लड़ाई का अंत कर दिया और अंततः उन्हें आजाद कर दिया। जूलियन असांजे कैनबरा हवाई अड्डे पर एक निजी जेट से उतरे, इंतजार कर रहे मीडिया का हाथ हिलाकर स्वागत किया और फिर अपनी पत्नी को जमीन से उठाकर पूरी भावना के साथ चूमा। अदालत में दायर एक पत्र में अमेरिकी न्याय विभाग के अनुसार, उनसे गैरकानूनी तरीके से वर्गीकृत राष्ट्रीय रक्षा जानकारी प्राप्त करने और प्रसारित करने की साजिश रचने के जासूसी अधिनियम के आरोप में दोषी ठहराए जाने की उम्मीद है। अपनी याचिका और सजा सुनाए जाने के बाद असांजे के अपने गृह देश ऑस्ट्रेलिया लौटने की उम्मीद है। अभियोजकों ने कहा कि महाद्वीपीय अमेरिका की यात्रा पर असांजे के विरोध और अदालत की ऑस्ट्रेलिया से निकटता के कारण सुनवाई सायपन में हो रही है। गौरतलब है कि ऑस्ट्रेलियाई संपादक और प्रकाशक असांजे को 2010 में तब सुर्खियां मिली जब उनके संगठन विकीलीक्स ने इराक और अफगानिस्तान में अमेरिकी युद्धों से संबंधित लगभग पांच लाख दस्तावेज जारी किए। अमेरिकी सरकार के अनुसार, उन्होंने सैन्य खुफिया विश्लेषक चेल्सी मैनिंग के साथ मिलकर अपनी विकीलीक्स वेबसाइट का उपयोग करके हजारों रिपोर्टों का खुलासा करने की साजिश रची, जिसने विदेशों में अमेरिकी सैन्य कदाचार को उजागर किया।



# क्या परमाणु हमले की तैयारी कर रहा रूस? च्नजपद करेंगे परमाणु सिद्धांत में बदलाव

अपने पूर्व चीफ ऑफ स्टाफ रॉन क्लेन के नेतृत्व में अपने सहयोगियों के साथ बहस की तैयारी पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। क्लैन ने मार्च में बिडेन के स्टेट ऑफ द यूनियन भाषण की तैयारी में भी सहायता की।

रूस अपने परमाणु हथियारों को इस्तेमाल करने वाली नीति में बदलाव करने जा रहा है. ऐसा करने के बाद रूस कम समय में परमाणु हमला करने का निर्णय ले सकेगा। रॉयटर्स ने स्टीवर्ट के हवाले से कहा कि यह उनकी संज्ञानात्मक क्षमता का एक अविश्वसनीय परीक्षण है। यह हमारे लिए यह देखने का मौका है कि उनमें कितनी गिरावट आई है या उन्होंने गिरावट की है या नहीं। बाइडेन वर्तमान में कैंप डेविड में हैं, अपने पूर्व चीफ ऑफ स्टाफ रॉन क्लेन के नेतृत्व में अपने सहयोगियों के साथ बहस की तैयारी पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। क्लैन ने मार्च में बिडेन के स्टेट ऑफ द यूनियन भाषण की तैयारी में भी सहायता की।संसद की रक्षा समिति के अध्यक्ष ने कहा कि अगर मॉस्को को लगता है कि खतरे बढ़ रहे हैं, तो रूस, दुनिया की सबसे बड़ी परमाणु शक्ति, परमाणु हथियारों के उपयोग के लिए आधिकारिक नीति में निर्धारित निर्णय लेने के समय को कम कर सकता है। यूक्रेन में युद्ध ने 1962 के क्यूबा मिसाइल संकट के बाद से रूस और पश्चिम के बीच सबसे बड़े टकराव को जन्म दिया है, राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पिछले महीने कहा था कि रूस उन शर्तों को निर्धारित करते हुए अपने आधिकारिक परमाणु सिद्धांत को बदल सकता है जिनके तहत ऐसे हथियारों का इस्तेमाल किया जा सकता है। रूसी संसद के निचले सदन की रक्षा समिति के प्रमुख आंद्रेई कार्तपोलोव को राज्य समाचार एजेंसी आरआईए ने यह कहते हुए उद्धृत किया कि अगर खतरे बढ़ते हैं तो ऐसे हथियारों के इस्तेमाल के लिए निर्णय लेने का समय बदला जा सकता है। आरआईए ने कार्तपोलोव के हवाले से कहा, ष्अगर हम देखते हैं कि चुनौतियां और खतरे बढ़ते हैं, तो इसका मतलब है कि हम परमाणु हथियारों के इस्तेमाल के समय और इसे इस्तेमाल करने के निर्णय के संबंध ा में (सिद्धांत) में कुछ सुधार कर सकते हैं।



# मोदी 3.0 सपनों को वास्तविकता में बदलने का समय, भारत–अमेरिका संबंधों को लेकर राजदूत गार्सेटी का बड़ा बयान

गार्सेटी ने एक इंटरव्यू के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा और सत्तारूढ़ एनडीए को बधाई देते हुए कहा कि मोदी 3.0 द्विपक्षीय संबंधों के सपनों को वास्तविकता में बदलने का समय है।अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा है कि जब महत्वाकांक्षी भारत मोदी 3.0 के दौरान महत्वाकांक्षी अमेरिका के साथ काम करता है, तो रक्षा साझेदारी, महत्वपूर्ण उभरती प्रौद्योगिकियों और आर्थिक समृद्धि में प्रगति हासिल की जा सकती है। गार्सेटी ने एक इंटरव्यू के दौरान प्रध ानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा और सत्तारूढ़ एनडीए को बधाई देते हुए कहा कि मोदी 3.0 द्विपक्षीय संबंधों के सपनों को वास्तविकता में बदलने का समय है। चाहे वह काम हो जो हम अपनी रक्षा साझेदारी पर एक साथ कर रहे हैं, चाहे वह हमारी महत्वपूर्ण उभरती प्रौद्योगिकियां हों, या चाहे वह काम हो जो हम आर्थिक समृद्धि बनाने के लिए कर रहे हैं। गार्सेटी ने कहा कि मुझे लगता है कि मोदी 3.0 में वे तीन चीजें हैं, हम देख सकते हैं। एक महत्वाकांक्षी भारत को एक महत्वाकांक्षी अमेरिका के साथ काम करते हुए देखने के लिए तत्पर हूं। मुझे लगता है कि 3.0 इस बारे में है कि हम अमेरिका और भारत को कैसे बनाते हैं, फिर से यह रिश्ता न केवल हमारे लोगों के लिए बल्कि दुनिया में अच्छा कर सकता है, जो दुनिया को दिखा सकता है कि लोकतंत्र तानाशाही से बेहतर हैं, एक स्वतंत्र और खुला इंडो–पैसिफिक एक ऐसी चीज है जो हर इंसान के लिए फायदेमंद है। भारत में संयुक्त राज्य अमेरिका के दूत के रूप में एक वर्ष पूरा करने वाले गार्सेटी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दूसरे कार्यकाल के दौरान, हमने एक राजकीय यात्रा देखी, जी20 के दौरान राष्ट्रपति की यात्रा, और समुद्र तल से लेकर हर चीज पर 150 से अधिक समझौते हुए। चाहे वह अंतरिक्ष में हो, चाहे वह स्वास्थ्य में हो, चाहे वह रक्षा में हो, चाहे वह व्यापार में हो, हमने पिछले संघर्षों को सुलझाया और वास्तव में भविष्य में अपनी महत्वाकांक्षाओं के साथ आगे बढ़े।



# चीन ने पीएम मोदी पर कौन सा बड़ा खुलासा कर दिया, मालदीव–पाकिस्तान भी हैरान

चीन का ये सर्वे देख पाकिस्तान को झटका लगा है। पाकिस्तान की आवाम को लग रहा है कि उसकी हुकूमत ने तो चीन को खुश करने के लिए पूरा देश बेच दिया। लेकिन चीन के लोग भारत के दिवाने हैं। वहीं कई लोगों ने ये बात सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर मालदीव को ट्रोल करना शुरू कर दिया क्योंकि चीन के लोग मालदीव से ज्यादा भारत में घुमना पसंद करते हैं।चीन में एक बड़ा सर्वे हुआ है। ये सर्वे चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स ने करवाया है। इस सर्वे में भारत को लेकर होश उड़ा देने वाली बातें सामने आई हैं। इस सर्वे में 90 प्रतिशत चीनी लोगों का कहना है कि वो भारत के बारे में जानना चाहते हैं। ये लोग भारत को एक अच्छा देश मानते हैं।



भारत में घूमना चाहते हैं। आप ये भी जानकर हैरान हो जाएंगे कि चीन के लोग पीएम मोदी को प्यार से मोदी लाओशियान कहकर बुलाते हैं। चीन में लाओशियान शब्द का इस्तेमाल अनोखी क्षमताओं वाले बुजुर्ग अमर शख्स के लिए किया जाता है। ग्लोबल टाइम्स ने 23 मई से 5 जून के बीच एक सर्वे करवाया। इस सर्वे में 2000 चीनी लोगों को शामिल किया गया। सर्वे में 90 प्रतिशत लोगों ने बताया कि उनकी भारत के प्रति रुचि है और वो भारत के बारे में जानना चाहते हैं। जबकि इन्हीं में से 64 प्रतिशत लोगों ने कहा कि वो मौका मिलते ही भारत घूमने जाएंगे। खासकर मुंबई, दिल्ली कोलकाता और बेंगलुरू जैसे शहरों में जाने की बात कही गई है। हैरानी की बात देखिए कि चीन में इंटरनेट को लेकर कई पाबंदियां हैं। लेकिन इसके बावजूद आधे से ज्यादा चीनी लोगों ने बताया कि भारत साहित्य, टीवी शो देखना पसंद करते हैं। चीनी लोगों ने बताया कि उन्हें दंगल, 3 इडियट, स्लमडॉग मिलेनियर, देवदास जैसी फिल्में पसंद आई। चीन का ये सर्वे देख पाकिस्तान को झटका लगा है। पाकिस्तान की आवाम को लग रहा है कि उसकी हुकूमत ने तो

# कराची की सड़कों, नालों और कूड़ेदानों के पास मिल रहा है रहस्यमयी लाशों का ढेर, अभी तक किसी की भी पहचान नहीं, पाकिस्तान में अलर्ट जारी

कराची शहर रहस्यमयी और चिंताजनक प्रवृत्ति से जूझ रहा है, क्योंकि महानगर के विभिन्न इलाकों में मिले अज्ञात शवों की संख्या अब 22 तक पहुंच गई है, जियो न्यूज ने बुधवार को यह जानकारी दी।कराची शहर रहस्यमयी और चिंताजनक प्रवृत्ति से जूझ रहा है, क्योंकि महानगर के विभिन्न इलाकों में मिले अज्ञात शवों की संख्या अब 22 तक पहुंच गई है, जियो न्यूज ने बुधवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तान के गैर–लाभकारी कल्याण संगठन के स्वयंसेवकों के प्रयासों के बावजूद 22 में से किसी भी शव की पहचान नहीं हो पाई है। मंगलवार को पांच नए शव मिले, जिससे अज्ञात मौतों की बढ़ती सूची में इजाफा हुआ है। छीपा वेलफेयर एसोसिएशन के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि उसके स्वयंसेवकों को कराची के विभिन्न इलाकों में पांच और शव मिले हैं। ष्उनमें से तीन नशेड़ी लग रहे थे, हालांकि, अभी तक एक भी शव की पहचान नहीं हो पाई है।ष जियो न्यूज के अनुसार, छीपा शहर में





एंबुलेंस का नेटवर्क चलाते हैं और उन्होंने पुष्टि की है कि अज्ञात शवों की संख्या 22 तक पहुंच गई है। 22 में से करीब दो दर्जन शव अभी भी लावारिस हैं, क्योंकि मृतकों के कोई रिश्तेदार उन्हें लेने नहीं आए। इन मौतों का कारण क्या है? कराची में हुई मौतों का कारण बंदरगाह शहर में चल रही भीषण गर्मी को बताया जा रहा है। शहर के कई नागरिक भीषण गर्मी से प्रभावित हुए हैं, जिनमें से कई को हीटस्ट्रोक के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। माना जा रहा है कि शहर में ड्रग्स की समस्या भी है। कराची में ईधी फाउंडेशन के एक अधिकारी अजीम खान ने द न्यूज को बताया कि कराची में मृत पाए गए लोगों में से अधि ाकांश लोग ड्रग्स के आदी थे, जो ड्रग्स के प्रभाव में अत्यधिक गर्मी के कारण मर गए। एआरवाई न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, एक वरिष्ठ नागरिक पर भी ड्रग उपयोगकर्ताओं के एक समूह ने क्रूरतापूर्वक हमला किया, जब उसने अपने घर के बाहर खुलेआम ड्रग्स का सेवन करने के बारे में पूछा। यह घटना पाकिस्तान में ड्रग दुरुपयोग की बढ़ती समस्या को रेखांकित करती है, खासकर हाल के दिनों में श्आइसश या क्रिस्टल मेथामफेटामाइन के बढ़ते प्रचलन को। आइस की उपलब्धता में आसानी और अन्य दवाओं की तुलना में इसकी अपेक्षाकृत कम लागत ने युवा पाकिस्तानियों के बीच इसकी लोकप्रियता में योगदान दिया है।

# रिषि सुनक के घर में अवैध तरीके से घुस गए 4 लोग, जानिए फिर क्या हुआ

यह घटना ब्रिटेन के आम चुनाव से ठीक एक सप्ताह पहले हुई है जो यह निर्धारित करेगी कि सुनक सत्ता में बने रहेंगे या नहीं। सर्वेक्षणों और पंडितों ने भविष्यवाणी की है कि 14 साल के कंजर्वेटिव शासन के बाद लेबर पार्टी सत्ता संभालेगी। उत्तरी इंग्लैंड में प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के आवासीय परिसर में प्रवेश करने के बाद उल्लंघन के संदेह में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। उत्तरी यॉर्कशायर पुलिस ने कहा कि समूह को दोपहर के ठीक बाद हिरासत में लिया गया और घुसपैठ के संदेह में गिरफ्तार कर लिया गया। यूथ डिमांड नामक एक समूह ने एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें जूते पहने एक व्यक्ति सुनक के तालाब में उतर रहा है, जहां वह शौच करने का नाटक कर रहा है। किर्बी सिगस्टन गांव में ऋषि सुनक का घर है जो उन्होंने 2015 में खरीदा था। समूह ने एक बयान में कहा कि यह प्रध ान मंत्री के लिए एक ष्विदाई उपहारष था। इसमें कहा गया है कि स्टंट में इस्तेमाल किया गया स्टूल लेटेक्स से बना था। सुनक उस समय जापानी सम्राट और साम्राज्ञी की राजकीय यात्रा के लिए लंदन में थे।

यह घटना ब्रिटेन के आम चुनाव से ठीक एक सप्ताह पहले हुई है जो यह निर्धारित करेगी कि सुनक सत्ता में बने रहेंगे या नहीं। सर्वेक्षणों और पंडितों ने भविष्यवाणी की है कि 14 साल के कंजर्वेटिव शासन के बाद लेबर पार्टी सत्ता संभालेगी। घटना के वीडियो के अनुसार, समूह का सामना करने वाले पुलिस अधिकारी ने समूह द्वारा पहचाने गए व्यक्ति ष्ओलिवरष से पूछा कि उसके इरादे क्या थे। जवाब में कहा गया कि मुझे लगता है कि हमारे इरादे पूरे हो गए हैं। यूथ डिमांड ने कहा कि






वह इजराइल पर दोतरफा हथियार प्रतिबंध लगाने और ब्रिटेन की अगली सरकार से 2021 से दिए गए तेल और गैस लाइसेंस रद्द करने की मांग कर रहा है। समूह ने कहा कि हिरासत में लिए गए चार लोगों में एक प्रेस फोटोग्राफर भी शामिल है। सुनक ने इस साल की शुरुआत में समूह की निंदा की थी जब उसने हमास आतंकवादियों के साथ इजराइल के युद्ध के संदर्भ में लेबर नेता कीर स्टार्मर के घर पर एक बैनर लटकाया था, जिसमें लिखा था, ष्हत्या बंद करोष। अगस्त में, चार ग्रीनपीस प्रदर्शनकारियों पर सुनक के घर पर चढ़ने और उत्तरी सागर में तेल और गैस ड्रिलिंग का विस्तार करने की उनकी योजना का विरोध करने के लिए उसे काले कपड़े में लपेटने के बाद आपराधिक क्षति का आरोप लगाया गया था।

# कालापानी, लिपुलेख नेपाल का हिस्सा...पीएम प्रचंड ने भारत के क्षेत्रों को लेकर फिर दिया विवादित बयान

भारत की आपत्ति के बावजूद नेपाल सरकार ने सभी आधिकारिक दस्तावेजों में इस्तेमाल



किए गए पुराने नक्शे को नए नक्शे से बदल दिया। नेपाल पांच भारतीय राज्यों – सिक्किम, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के साथ 1,850 किलोमीटर से अधिक लंबी सीमा साझा करता है।नेपाल के प्रधान मंत्री पुष्प कमल दहल श्प्रचंडश ने कहा कि उनकी सरकार स्पष्ट और दृढ़ है कि लिंपियाधुरा, कालापानी और लिपु दर्रे सहित महाकाली नदी के पूर्व के सभी क्षेत्र नेपाली क्षेत्रों के अंतर्गत आते हैं। प्रचंड ने प्रतिनिधि सभा में विनियोग विधेयक, 2081 के तहत विदेश मंत्रालय के शीर्षकों पर चर्चा के दौरान सांसदों द्वारा उठाए गए सवालों का जवाब देते हुए यह टिप्पणी की। उन्होंने याद दिलाया कि 1816 में नेपाल और ईस्ट इंडिया कंपनी सरकार के बीच हस्ताक्षरित सुगौली संधि के अनुसार, ये क्षेत्र नेपाल के हैं और इन क्षेत्रों को शामिल करते हुए एक राजनीतिक मानचित्र भी प्रकाशित किया गया है। प्रचंड ने कहा कि अपनी हालिया भारत यात्रा के दौरान, उन्होंने अपने भारतीय समकक्ष नरेंद्र मोदी से सीमा सहित सभी लंबित मुद्दों को जल्द से जल्द हल करने का अनुरोध किया था और प्रधान मंत्री ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी थी और मामले पर आगे बढ़ने पर सहमति व्यक्त की थी। भारत–नेपाल सीमा विवादयह याद रखने योग्य है कि नेपाल की सरकार ने मई 2020 में केपी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली सरकार के दौरान अपने क्षेत्र में लिपुलेख, कालापानी और लिम्पियाधुरा क्षेत्रों को शामिल करते हुए अपने नए राजनीतिक मानचित्र का अनावरण किया था। बाद में संसद ने सर्वसम्मति से इसका समर्थन किया। नेपाल द्वारा मानचित्र जारी करने के बाद, भारत ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे ष्एकतरफा कृत्यष बताया और काठमांडू को चेतावनी दी कि क्षेत्रीय दावों का ऐसा ष्कृत्रिम विस्तारष उसे स्वीकार्य नहीं होगा। भारत का कहना है कि लिपुलेख, कालापानी और लिंपियाधुरा उसके हैं। भारत की आपत्ति के बावजूद नेपाल सरकार ने सभी आधिकारिक दस्तावेजों में इस्तेमाल किए गए पुराने नक्शे को नए नक्शे से बदल दिया। नेपाल पांच भारतीय राज्यों – सिक्किम, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के साथ 1,850 किलोमीटर से अधिक लंबी सीमा साझा करता है। प्रचंड ने कहा कि अपनी भारत यात्रा के दौरान अपने भारतीय समकक्ष के साथ एक बैठक के दौरान, 1950 की भारत–नेपाल शांति और मित्रता संधि सहित मौजूदा संधियों और समझौतों को संशोधित और अद्यतन करने के साथ–साथ सीमा संबंधी समाधान निकालने पर सहमति बनी।

# क्या 33 साल बाद फिर टुकड़े-टुकड़े होगा रूस? नाटो और जेलेंस्की ने मिलकर तैयार किया कौन सा प्लान

रूस से आजादी की मांग दशकों से उठती रही है। ऐसे में ये आशंका जताई जा रही है कि दागिस्तान और सोचि में हुए टेरर अटैक के पीछे नाटो और यूक्रेन के हाथ हो सकता है। दवा तो यहां तक किया जा रहा है कि इस हमले के जरिए रूसी विघटन का ब्लूप्रिंट तैयार किया जा रहा है। बीते तीन महीने में रूसी धरती पर दो बड़े आतंकी हमले हो चुके हैं। पहला हमला 22 मार्च को रूस की राजध ानी मॉस्को के कॉर्क्स मॉल में हुआ। इस बार आतंकियों ने रूस के पश्चिमी दक्षिणी इलाकों में अटैक किया है जहां रूस विरोधी गुटों के दबदबा है। जहां रूस से आजादी की मांग दशकों से उठती रही है। ऐसे में ये आशंका जताई जा रही है कि दागिस्तान और सोचि में हुए टेरर अटैक के पीछे नाटो और यूक्रेन के हाथ हो सकता है। दवा तो यहां तक किया जा रहा है कि इस हमले के जरिए रूसी विघटन का ब्लूप्रिंट तैयार किया जा रहा है।बीती रात रूसी फेडरेशन के दो इलाकें आतंकी हमले से ढल उठे। रूस के दागिस्तान में बड़ा आतंकी हमला हुआ है। रूस के दो शहरों पर आतंकियों ने कहर बरपाया है। ताबड़तोड़ गोलियां चलाते हुए आतंकियों की तस्वीरें भी कैमरे में कैद हुई हैं।

## भारत–इंग्लैंड सेमीफाइनल में पड़ सकता है बारिश का खलल, जानें मौसम और पिच रिपोर्ट

भारतीय टीम सेमीफाइनल में इंग्लैंड का सामना करेगी। गुरुवार को ये मैच गुयाना की प्रोविडेंस स्टेडियम में भारतीय समयानुसार रात 8 बजे खेला जाएगा। गुयाना में ये स्टेडियम 2006 में तत्कालीन वनडे वर्ल्ड कप 2007 के लिए बनाया गया था। जिस कारण पिछले कुछ समय से इसे गुयाना का राष्ट्रीय स्टेडियम माना जाता है। रोहित शर्मा की अगुवाई में सुपर–8 के अपने तीनों मैच जीतकर नॉकआउट चरण में पहुंची भारतीय टीम सेमीफाइनल में इंग्लैंड का सामना करेगी। गुरुवार को ये मैच गुयाना की प्रोविडेंस स्टेडियम में भारतीय समयानुसार रात 8 बजे खेला जाएगा। गुयाना में ये स्टेडियम 2006 में तत्कालीन वनडे वर्ल्ड कप 2007 के लिए बनाया गया था। जिस कारण पिछले कुछ समय से इसे गुयाना का राष्ट्रीय स्टेडियम माना जाता है। भारत और इंग्लैंड ने अपने–अपने सुपर 8 ग्रुप में टॉप दो स्थान पर रहेने के बाद योग्यता हासि की है। टीम इंडिया ग्रुप 1 की टॉप टीम है जबकि इंग्लैंड ग्रुप में दूसरे स्थान पर रही। हालांकि, इस मैच से पहले खबर है कि बारिश फैंस की उम्मीदों पर पानी फेर सकती है। एक्वावेदर के अनुसार, मैच के दौरान बारिश की संभावना बनी हुई है। इस मैच की शुरुआत में भी देरी हो सकती है क्योंकि स्थानीय समयानुसार सुबह 10 बजे गुयाना में भारी बारिश की संभावना जताई गई है। बारिश की 35 से 68 प्रतिशत संभावना बनी हुई है, और पूरे मैच के दौरान गुयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम पर बादल छाए रह सकते हैं। भारती बारिश की उम्मीद तो नहीं है, लेकिन तेज बारिश के कारण लगातार देरी हो सकती है। नहीं है कोई रिजर्व डेवहीं अगर भारत और इंग्लैंड के बीच सेमीफाइनल मुकाबला बारिश के कारण रद्द



हो जाता है तो इसके लिए कोई रिजर्व डे नहीं है। हालांकि, मुकाबले के लिए 250 अतिरिक्त मिनट जरूर दिए गए हैं। ऐसे में मुकाबले के पूरा होने के कारण काफी समय होगा। इसके अलावा सेमीफाइनल मैच के लिए एक नियम और बदला है और वो ये है कि मैच के परिणाम के लिए कम से कम 10–10 ओवरों का खेल हो। ग्रुप स्टेज और सुपर–8 चरण में मैच के परिणाम के लिए 5–5 ओवरों का खेल जरूरी था। पिच रिपोर्ट स्टेडियम ऐतिहासिक रू से उच्च स्कोरिंग स्थल के लिए नहीं जाना जाता है। प्रोविडेंस स्टेडियम में पहली पारी का औसत स्कोर 128 है। गुयाना की पिच अतीत में गेंदबाजों के पक्ष में रही है, जैसे–जैसे खेल आगे बढ़ता है गेंदें धीमी होती जाती हैं। इस मैदान पर स्पिनर्स को मदद मिलेगी। तेज गेंदबाज को खेल की शुरुआत में कुछ मदद मिल सकती है। पिच की स्पिन अनुकूल प्रवृति ही इसे कम स्कोरिंग स्थल बनाती है। हालांकि, टी20 क्रिकेट में बदलते रुझान के साथ आप कभी नहीं जानते कि टी20 वर्ल्ड कप में सतह कैसी होगी।

## भारत और श्रीलंका के बीच खेली जाएगी टी20 और वनडे सीरीज

भारतीय टीम जुलाई और अगस्त में सफेद गेंद की सीरीज के लिए श्रीलंका दौरे पर जाएगी। दोनों टीमों के बीच तीन वनडे और इतने ही टी20 मैचों की सीरीज खेली जाएगी। वहीं इस सीरीज का पहला मैच 27 जुलाई को खेला जाएगा और इसके बाद आखिरी दो मैच क्रमशरू 28 और 30 जुलाई को होंगे। सभी मैच शाम को खेले जाएंगे।टी20 वर्ल्ड कप 2024 के बाद भारतीय टीम जुलाई और अगस्त में सफेद गेंद की सीरीज के लिए श्रीलंका दौरे पर जाएगी। दोनों टीमों के बीच तीन वनडे और इतने ही टी20 मैचों की सीरीज खेली जाएगी।



वहीं इस सीरीज का पहला मैच 27 जुलाई को खेला जाएगा और इसके बाद आखिरी दो मैच क्रमशरू 28 और 30 जुलाई को होंगे। सभी मैच शाम को खेले जाएंगे। टी20 सीरीज के बाद फोकस तीन मैचों की वनडे सीरीज पर होगा। श्रीलंका नेशनल क्रिकेट टीम और इंडिया नेशनल क्रिकेट टीम के बीच 50 ओवर की सीरीज 2 अगस्त से खेली जाएगी। इसके आखिरी दो मैच 4 और 7 अगस्त को खेले जाएंगे। भारत के श्रीलंका दौरे का शेड्यूल टी20सीरीज पहला टी20 मैच– 27 जुलाई दूसरा टी20 मैच–28 जुलाई तीसरा टी20 मैच–30 जुलाई

## डेविड वश्वर्नर के संन्यास पर पत्नी कैंडिस ने शेयर किया इमोशनल पोस्ट, उपलब्धियां गिनाई

डेविड वॉर्नर के इंटरनेशनल क्रिकेट संन्यास के बाद पत्नी कैंडिस वॉर्नर ने एक भावुक मैसेज लिखा। इस दौरान कैंडिस ने सोशल मीडिया पर डेविड वॉर्नर के 15 साल के करियर की बड़ी उपलब्धियां गिनाई। अपना आखिरी इंटरनेशनल मैच हाल ही में टी20 वर्ल्ड कप 2024 में भारत के खिलाफ खेला, जिसमें ऑस्ट्रेलिया को 24 रनों से हार झेलनी पड़ी।ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज डेविड वॉर्नर के इंटरनेशनल क्रिकेट संन्यास के बाद पत्नी कैंडिस वॉर्नर ने एक भावुक मैसेज लिखा। इस दौरान कैंडिस ने सोशल मीडिया पर




डेविड वॉर्नर के 15 साल के करियर की बड़ी उपलब्धियां गिनाई। अपना आखिरी इंटरनेशनल मैच हाल ही में टी20 वर्ल्ड कप 2024 में भारत के खिलाफ खेला, जिसमें ऑस्ट्रेलिया को 24 रनों से हार झेलनी पड़ी। वहीं डेविड वॉर्नर की पत्नी कैंडिस ने इंस्टाग्राम पर पति की फोटो शेयर करते हुए दिल की बात लिखी है।

उनकी इस पोस्ट में डेविड के पूरे 15 साल के करियर की उपलब्धियों पर सभी का ध्यान खींचा और उन्हें ऑस्ट्रेलिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक बताया। कैंडिस ने लिखा कि, हमारे देश के लिए अब तक देखे गए सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट करियर में से एक के लिए डेविड वॉर्नर को बधाई। आगे की लाइन में सीट पाना सौभाग्य की बात है। हम आपको ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलते हुए देखना मिस करेंगे, लेकिन हम आपके घर आने को लेकर बहुत उत्सुक हैं, लव यू। इसके अलावा, ऑस्ट्रेलिया के लिए उन्होंने रिकी पोंटिंग के बाद तीनों फॉर्मेट में सबसे ज्यादा 18995 रन बनाए हैं। वॉर्नर दो बार वनडे वर्ल्ड कप एक बार टी20 वर्ल्ड कप और एक बार वर्ल्ड टेस्ट चौंपियनशिप विजेता टीम का हिस्सा रहे हैं।

## सेमीफाइनल से पहले सूर्यकुमार यादव ने गंवाया नंबर 1 का ताज, ट्रैविस हेड हुए टाप पर काबिज

सूर्यकुमार यादव दिसंबर 2023 से टी20 फॉर्मेट में नंबर 1 स्थान पर काबिज थे। लेकिन ट्रैविस हेड ने हाल ही में टी20 वर्ल्ड कप में भारत के खिलाफ 76 रन की शानदार पारी खेलकर सूर्या से नंबर वन का ताज छीन लिया है। इसके बाद अब आईसीसी की टी20 रैंकिंग में हेड नंबर वन बल्लेबाज बन गए हैं।टी20 वर्ल्ड कप के



सेमीफाइनल मुकाबले से पहले आईसीसी ने टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग जारी की है। वहीं इस रैंकिंग से सूर्यकुमार यादव को बड़ा नुकसान हुआ है। दरअसल ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड ने सूर्यकुमार यादव को टी20 रैंकिंग में पीछे छोड़ दिया है। ट्रैविस हेड को बड़ा फायदासूर्यकुमार यादव दिसंबर 2023 से टी20 फॉर्मेट में नंबर 1 स्थान पर काबिज थे। लेकिन ट्रैविस हेड ने हाल ही में टी20 वर्ल्ड कप में भारत के खिलाफ 76 रन की शानदार पारी खेलकर सूर्या से नंबर वन का ताज छीन लिया है। इसके बाद अब आईसीसी की टी20 रैंकिंग में हेड नंबर वन बल्लेबाज बन गए हैं।ऑस्ट्रेलियाई बाएं हाथ के बल्लेबाज ने चार स्थानों की छलांग लगाकर टॉप स्थान पर कब्जा जमा लिया है। सूर्यकुमार, फिल साल्ट, बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान सभी एक साथ नीचे गिर गए हैं। साथ ही ये सभी खिलाड़ी टॉप 5 में शामिल हैं। जॉनसन चार्ल्स टॉप दस में एकमात्र नए खिलाड़ी हैं, जो 10वें स्थान पर पहुंचे हैं। अफगानिस्तान के स्टार रहमानुल्लाह गुरबाज पांच स्थान ऊपर जाने के बाद एक स्थान नीचे हैं। दूसरी ओर, टी20 ऑलराउंडर रैंकिंग में वानिंदु हसरंगा ने भारत के हार्दिक पंड्या के साथ अपना टॉप स्थआन फिर से हासिल कर लिया है, वहीं अब वो तीसरे स्थान पर आ गए हैं। ऑलराउंडरों में वेस्टइंडीज के रोस्टन चेज 17 पायदान ऊपर 12वें स्थान पर हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में इंग्लैंड के आदिल राशिद टॉप पर बने हुए हैं। राशिद खान मौजूदा टी20 वर्ल्ड कप में अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर दूसरे स्थान पर आ गए हैं। जोश हेजलवुड तीन स्थान ऊपर चढ़कर हसरंगा के बाद चौथे स्थान पर पहुंचे हैं।

## सेमीफाइनल से पहले पूर्व दिग्गज पाल कालिंगवुड ने की बड़ी भविष्याणी, इंग्लैंड को दी चेतावनी

गुरुवार को टी20 वर्ल्ड कप 2024 का दूसरा सेमीफाइनल भारत और इंग्लैंड के बीच खेला जाना है। मौजूदा टूर्नामेंट में भारत के तेवर अलग रहे हैं। लेकिन इस मैच से पहले इंग्लैंड के पूर्व दिग्गज पॉल कॉलिंगवुड ने बड़ी भविष्यवाणी की है। भारत और इंग्लैंड के बीच गुरुवार को टी20 वर्ल्ड कप 2024 का दूसरा सेमीफाइनल खेला जाना है। दोनों टीमों की गुयाना के मैदान पर भारतीय समयानुसार रात 8 बजे भिड़ंत होगी। भारत और इंग्लैंड के बीच टी20 वर्ल्डकप 2022 में भी सेमीफाइनल खेला गया था जिसमें भारतीय टीम को 10 विकेट से हार झेलनी पड़ी। हालांकि, मौजूदा टूर्नामेंट में भारत के तेवर अलग रहे हैं। लेकिन इस मैच से पहले इंग्लैंड के पूर्व दिग्गज पॉल कॉलिंगवुड ने बड़ी भविष्यवाणी की है। दरअसल, स्टार स्पोर्ट्स प्रेस रूम शो पर कॉलिंगवुड ने




कहा कि, पिछली योजना भारत पर शुरू से ही आक्रामक तरीके से हमला करने की थी। हालांकि, भारतीय टीम जैसी टीम उस रणनीति से हैरा नहीं हो सकती। 2022 में जब भारत ने पहले बल्लेबाजी की तो हमें पता था कि हम उन्हें रोक सकते हैं। उस समय भारत रूढ़िवादी तरीके से खेला, खासकर शुरुआती 10 ओवरों में और फिर बाद में बराबरी करने की कोशिश की। साथ ही उन्होंने कहा कि, लेकिन भारत का दृष्टिकोण बदल गया है। वे समझते हैं कि इस रणनीति से वर्ल्ड कप नहीं जीता जा सकता। उन्हें जोखिण उठाने, बहादुर होने और खुलकर खेलने की जरूरत है। इसके साथ ही कॉलिंगवुड ने इंग्लैंड टीम को चेतावनी भी दी है। उन्होंने कहा कि, अगर उसने असाधारण प्रदर्शन नहीं किया तो भारत को रोकना मुश्किल होगा। उन्होंने कहा कि, ईमानदारी से कहूं तो मैं इस बार भारत को हारते हुए नहीं देखता। इंग्लैंड को उन्हें हराने के लिए कुछ असाधारण करने की जरूरत होगी। उन्होंने कहा कि पेसर जसप्रीत बुमराह की चुनौती कठिन होगी।

## टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ बदला चुकता करने उतरेगा भारत

गुरुवार को टी20 क्रिकेट विश्व कप के सेमीफाइनल में भारतीय टीम गत चौंपियन इंग्लैंड से भिड़ेगा। इस मुकाबले में भारतीय टीम एक दशक से अधिक समय से नॉकआउट चरण में हार के सिलसिले को तोड़ने की कोशिश करेगा। आक्रामक बल्लेबाजी रवैये के साथ भारत गुरुवार को यहां टी20 क्रिकेट विश्व कप के सेमीफाइनल में जब गत चौंपियन इंग्लैंड से भिड़ेगा तो एक दशक से अधिक समय से नॉकआउट चरण में हार के सिलसिले को तोड़ने की कोशिश करेगा।पिछली बार जब ये दोनों टीमें इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में भिड़ी थी तो इंग्लैंड ने भारत को 2022 में 10 विकेट से रौंद दिया था। एडिलेड में 10 विकेट की करारी हार के बाद से भारत शीर्ष क्रम में अपने रूढ़िवादी रवैये को छोड़ने में सफल रहा और इस प्रतियोगिता में अब तक अजेय रहा है।प्रोविडेंस स्टेडियम में संभावित परिस्थितियों को देखते हुए कागजों पर रोहित शर्मा और उनकी टीम मजबूत नजर आती है और बदला चुकता करने के लिए तैयार दिखती है। स्पिनरों ने शुरुआती मैच से ही यहां गेंदबाजी का आनंद लिया है और भारत के कुलदीप यादव और इंग्लैंड के आदिल राशिद जैसे खिलाड़ी नॉकआउट मुकाबले में अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए बेताब होंगे। तेज गेंदबाजों को भी इस मैदान पर सफलता मिली है।अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी ने प्रतियोगिता की शुरुआत में ही न्यूजीलैंड के खिलाफ अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। दिलचस्प बात यह है कि आठ जून के बाद से यहां कोई मैच नहीं खेला गया है। उस दिन वेस्टइंडीज ने युगांडा के खिलाफ आसान जीत दर्ज की थी। इससे क्यूरेटर को इस हाई प्रोफाइल मैच के लिए उपयुक्त पिच तैयार करने के लिए अतिरिक्त समय मिल गया।भारत ने सुपर आठ चरण में शानदार प्रदर्शन किया लेकिन सेमीफाइनल के अत्यधिक दबाव में सहज गलतियां हो जाती हैं। शीर्ष क्रम में भारत विराट कोहली के बल्ले से रन की उम्मीद करेगा जिन्होंने अपने उच्च मानकों के अनुसार इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है। इसके विपरीत उनके सलामी जोड़ीदार और कप्तान रोहित ने निडर क्रिकेट के मामले में अन्य बल्लेबाजों के लिए मानक स्थापित किया है।ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनकी 41 गेंद में 92 रन की धमाकेदार पारी को आने वाले कुछ समय तक आसानी से भुलाया नहीं जा सकेगा। रोहित और कोहली दोनों के लिए यह शायद भारत की जर्सी में टी20 विश्व खिताब जीतने का आखिरी मौका है और दोनों अपनी छाप छोड़ने के लिए बेताब होंगे। रोहित ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है

## घंटों बैठकर काम करने वालों के लिए कफी फायदेमंद, मौत का खतरा हो जाता है कम

एक रिसर्च के मुताबिक कॉफी पीने से हेल्थ से जुड़ी समस्या कम होती है.साइंस अलर्ट रिसर्च में शामिल रिसर्चर के जो लोग कॉफी पीते हैं और घंटों बैठकर काम करते हैं उनमें बीमारी का जोखिम कम होता है. जो लोग कॉफी नहीं पीते हैं उनकी तुलना में कॉफी पीने वालों की समय से पहले मरने की संभावना कम होती है.

इस रिसर्च में 10 हजार लोग शामिल हुए थे

इस रिसर्च में 10 हजार से ज्यादा लोग शामिल हुए थे, ये लोग कॉफी पीकर घंटों काम करते थे. हेल्थ डेटा के मुताबिक कॉफी पीने से वह काफी ज्यादा एक्टिव रहते हैं. इन लोगों को दिल की बीमारी और समय से पहले मरने की संभावना भी खत्म कर देता है.

घंटों बैठकर काम करने वालों को पीना चाहिए कॉफी

सबसे अच्छी बात यह है कि जो लोग घंटों बैठकर काम करते हैं उन लोगों में कॉफी पीने के फायदे दिखते हैं. कॉफी की आदत से लोग ज्यादा से ज्यादा एक्टिव



रहते हैं साथ ही उनके दिल की बीमारी का जोखिम भी कम होता है. जो लोग ज्यादा कॉफी पीते हैं यानि हर रोज 2 कप से ज्यादा उन्हें घंटों बैठने लोगों की तुलना में मरने की संभावना कम होती है.

हालांकि, पिछले रिसर्च के मुताबिक कॉफी की खपत और लंबे समय तक पीने से स्वास्थ्य पर बहुत अच्छा असर होता है. रिसर्च में बताया गया कि कैफीन को टाइप 2 मधुमेह और हृदय रोग के कम जोखिम से जोड़ा है. यहां तक कि डिकैफ कॉफी में भी एंटीऑक्सीडेंट होते हैं जो चयापचय में सुधार कर सकते हैं और सूजन को कम कर सकते हैं. कॉफी पीने से दिमाग अच्छा रहता है.

स्ट्रेस करता है कम

आजकल तनाव आम बीमारी हो गई है. ऐसी स्थिति में अगर आप ब्लैक कॉफी पीते हैं तो इससे स्ट्रेस, एंग्जायटी कम होती है. कॉफी में मौजूद कैफीन हैप्पी हार्मोन के लिए अच्छा होता है. इससे थकान, तनाव दूर होता है.

दिल को रखता है हेल्दी

रोजाना हर रोज एक या 2 कप कॉफी पीते हैं तो यह हार्ट के लिए अच्छा होता है. इसे पीने से स्ट्रोक और दिल से जुड़ी बीमारी का खतरा होता है.वजन को करता है कंट्रोल

ब्लैक कॉफी में कैलोरी कम होती है.यह तेजी से फैट कम कर देता है. एक्सरसाइज करने से फैट कम होता है. इससे पीने से शरीर में एनर्जी होती है.लिवर को मिलेगा फायदा

कॉफी में फैटी लिवर, हेपेटाइटिस और सिरोसिस जैसी गंभीर बीमारी का डर देता है. ब्लैक कॉफी पीने से लिवर का एंजाइम लेवल कम होते हैं.

डायबिटीज से मिलेगी राहत

ब्लैक कॉफी पीने से डायबिटीज की बीमारी का खतरा कम होता है. कॉफी पीने से शरीर में इंसुलिन की मात्रा कम होती है. इससे डायबिटीज की बीमारी कम होती है.

## कान से जुड़े इस संकेत को ना करें नजरअंदाज, हो सकती है ये बीमारी, लापरवाही ना पड़ जाए भारी

क्या आप भी उन लोगों में से हैं जो लंबे समय तक ईयरफोन या इयरबड्स लगा कर रखते हैं, जिसके चलते कानों में दर्द और झनझनाहट होने लगती है और आप इस दर्द को यूं ही नजर अंदाज कर देते हैं? तो जरा सावधान हो जाइए, क्योंकि कान का यह दर्द कई बार सिंपल नहीं होता है, बल्कि कई गंभीर बीमारियों की ओर इशारा करता है. तो चलिए आज इस आर्टिकल में हम आपको बताते हैं कान की झनझनाहट में छुपे उस संकेत के बारे में जो एक गंभीर बीमारी की ओर इशारा करता है, जिन्हें पहचान कर आपको प्रॉपर ट्रीटमेंट लेने की जरूरत होती हैं.

बिना किसी शोर के कानों में आवाज गूंजना

कई बार ऐसा होता है कि हमारे कान में एक अजीब सी आवाज लगातार सुनाई देती है, जबकि आसपास के वातावरण में किसी प्रकार की कोई आवाज नहीं होती है. अगर आपके कानों में इस तरह की आवाज लंबे समय तक सुनाई दें, तो यह टिनिटस यानी कि कान बजने के कारण हो सकता है. इस बीमारी में



कान में तेज या धीरे से लगातार घंटी बजती है, जिसके कारण सिर दर्द भी हो सकता है, कानों में झनझनाहट होती है. यह टिनिटस के शुरुआती संकेत होते हैं और इसे हमें नजरअंदाज नहीं करना चाहिए. अगर लंबे समय तक कानों में इस तरह की घंटी बजती रहे, तो इससे कान डैमेज होने का खतरा भी होता है.

क्यों होती है टिनिटस की समस्या

अब बात आती है कि कानों में टिनिटस नाम की बीमारी क्यों हो जाती है? तो कई बार कानों में लंबे समय तक मैल जमा होता है जिससे टिनिटस की समस्या हो सकती है. इसके अलावा कान में इन्फेक्शन होना, पस पड़ना, गंभीर चोट या संक्रमण के कारण पर्दे में छेद हो जाना होता है. इससे बचने के लिए कानों की प्रॉपर सफाई बहुत ज्यादा जरूरी है, लेकिन बार–बार इयरबड्स का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए,

# कमल हासन की इंडियन 2 का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज, सेनापति बन छा गए अभिनेता

कमल हासन जैसे–जैसे अपने करियर में आगे बढ़ रहे हैं, वह अपने किरदारों के साथ एक्सपेरिमेंट करने में जरा भी पीछे नहीं हट रहे हैं। उनकी दो आगामी फिल्मों को लेकर फैंस में काफी उत्सुकता है।एक तरफ उनकी फिल्म कल्कि–2898 एडी जहां सिनेमाघरों में जल्द ही दस्तक देगी, तो वहीं उनकी तमिल फिल्म इंडियन–2 भी रिलीज के लिए तैयार है। इंडियन 2 को हिंदी ऑडियंस के लिए हिंदुस्तानी–2 के टाइटल के साथ रिलीज किया जाएगा।कल्कि की एक्साइटमेंट के बीच अब हाल ही में मेकर्स ने हिंदुस्तानी 2 का ट्रेलर रिलीज कर दिया है, जिसको देखने के बाद निश्चित तौर पर आप कमल हासन के अभिनय की तारीफ करते हुए नहीं थकेंगे। एस शंकर के निर्देशन में बनी हिंदुस्तानी 2 अगले महीने थिएटर में रिलीज होगी। अब हाल ही में उससे कुछ दिन पहले मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर शुरू कर दिया है, जिससे नजरें हटाना वाकई मुश्किल है। इस ट्रेलर की शुरुआत होती है देश में चल रहे करप्शन की शिकायतों के साथ, जहां लोगों को ये कम्प्लेन तो होती है कि ये सिस्टम ठीक करने वाला कोई नहीं है, लेकिन उसे ठीक करने के लिए कोई एक कदम भी नहीं उठाता है।तभी एंट्री होती है सेनापति की, जो सिस्टम में मौजूद लोगों को कभी प्यार से तो कभी अपनी मार से सुधारने का जिम्मा उठाता है। ट्रेलर में कमल हासन का धांसू ट्रेलर भी



देखने को मिल रहा है। 2 मिनट 37 सेकंड का ये ट्रेलर ही लोगों को सिनेमाघरों तक खींचकर लाने में सक्षम है। आपको बता दें कि हिंदुस्तानी–2 कमल हासन की इंडियन का सीक्वल है, जिसमें करप्शन को मिटाने के लिए एक्टर क्या–क्या करते हैं यह दिखाया जाएगा। कमल हासन के अलावा इस मूवी में रकुल प्रीत सिंह और रंग दे बसंती एक्टर सिद्धार्थ भी नजर आएंगे। ये फिल्म कल्कि 2898 एडी की रिलीज के दो हफ्ते बाद यानी कि 12 जुलाई 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

# राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की फिल्म स्त्री 2 का टीजर जारी, 15 अगस्त को रिलीज होगी फिल्म

स्त्री के सीक्वल की घोषणा के बाद से ही फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं कि दूसरे भाग में चंदेरी में क्या होने वाला है। पहले भाग ने दर्शकों को इस मुकाम पर पहुँचा दिया कि हर कोई सिफ यही अनुमान लगा रहा है कि श्रद्धा कपूर असल में स्त्री हैं या नहीं। खैर, मुंज्या के साथ सिनेमाघरों में रिलीज किया गया स्त्री 2 का टीजर अब आखिरकार सोशल मीडिया पर सबके लिए आ गया है। टीजर में राजकुमार राव, पंकज त्रिपाठी, अपारशक्ति खुराना और अभिषेक बनर्जी की वापसी देखने को मिलेगी।

टीजर की शुरुआत चंदेरी शहर में स्त्री की नई विशाल मूर्ति के उद्घाटन से होती है। मूर्ति के नीचे, श्ओ स्त्री रक्षा कर्णय लिखा हुआ देखा जा सकता है। अगले फ्घ्रेम में, हम असली गैंग राजकुमार राव, पंकज त्रिपाठी, अपारशक्ति खुराना और अभिषेक बनर्जी को एक साथ देखते हैं। एक फ्घ्रेम में उनकी मौजूदगी ही आपको आगामी फिल्म के लिए उत्साहित कर देगी। रश के बाद कई डरावने सीन दिखाए गए और अंत में श्रद्धा कपूर गंभीर रूप में दिखाई दीं।

टीजर में तमन्ना भाटिया का सेक्सी अवतार भी देखने को मिला। ऐसा लग रहा है कि वह एक ध्‍ामाकेदार डांस नंबर के लिए कैमियो करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। रश में मुख्य जोड़ी श्रद्धा और राजकुमार के बीच कुछ प्यारे पल भी देखने को मिल सकते



हैं। फिल्म मुंज्या की थिएट्रिकल रिलीज से जुड़ी एक झलक के बाद, मेकर्स ने आखिरकार स्त्री 2 का टीजर जारी कर दिया है, जिसने दर्शकों के बीच उत्साह की लहर पैदा कर दी है।स्त्री आपकी स्क्रीन पर फिर से धमाल मचाने और आपको गुदगुदाने के लिए तैयार है, मेकर्स दृ जियो स्टूडियोज और दिनेश विजान ने अपने बहुप्रतीक्षित सीक्वल का टीजर जारी कर दिया है। 2018 की फिल्म स्त्री की अभूतपूर्व सफलता के बाद, जियो स्टूडियो और दिनेश विजान बहुप्रतीक्षित और बहुप्रतीक्षित सीक्वल स्त्री 2 लाने के लिए तैयार हैं।

अमर कौशिक द्वारा डायरेक्ट यह फिल्म डरावनी लेकिन प्रफुल्लित करने वाली दुनिया में वापसी का वादा करती है, जहां पौराणिक स्त्री पुरुषों को डराती रहती है।

यह फिल्म जो पहले 14 जून को रिलीज होने वाली थी, अब स्वतंत्रता दिवस पर 15 अगस्त को स्क्रीन पर आएगी।

## फिल्म एक्सीडेंट या कान्सपिरेसी गोधरा का टीजर आया सामने, 12 जुलाई को सिनेमाघरों में देगी दस्तक

साल 2002 में गुजरात के गोधरा कांड ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था।इस घटना की पृष्ठभूमि पर अब तक चांद बुझ गया, परजानिया, फिराक जैसी फिल्में और डाक्यूमेंट्री फिल्में बन चुकी है।अब 22 साल बाद इस घटना पर एक और फिल्म बनने जा रही है, जिसका नाम एक्सीडेंट या कॉन्सपिरेसीरू गोधरा है।अब निर्माताओं ने इस फिल्म का टीजर जारी कर दिया है, जिसमें गोध्‍ारा कांड की झलक देखने को मिल रही है। फिल्म एक्सीडेंट या कॉन्सपिरेसीरू गोधरा के टीजर को शरद केलकर ने अपनी आवाज दी है।इस फिल्म की रिलीज तारीख से भी पर्दा उठ गया है। यह फिल्म 12 जुलाई, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है।एक्सीडेंट ऑर कॉन्सपिरेसीरू गोधरा का निर्देशन एमके शिवाक्ष ने किया है, जबकि बीजे पुरोहित और रामकुमार पाल इस फिल्म के निर्माता हैं।इस फिल्म में रणवीर शौरी, मनोज जोशी और हितू कनोडिया जैसे सितारे अभिनय करते नजर आएंगे।निर्माताओं ने टीजर साझा करते हुए लिखा, गोधरा टीजर अब आपका है। यह दुर्घटना थी या साजिश, हमें कमेंट में जरूर बताएं।गोधरा एक्सीडेंट या कॉन्सपिरेसी गोधरा कांड की जांच के लिए गठित नानावती–मेहता आयोग की रिपोर्ट पर आधारित फिल्म है।फिल्म में गोधरा कांड की सच्चाई से रूबरू कराया जाएगा।

## बाक्स आफिस पर मुंज्या की पकड़ तीसरे सप्ताह में भी बरकरार, 90 करोड़ रुपये की ओर कारोबार

आदित्य सरपोतदार के निर्देशन में बनी फिल्म मुंज्या दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने में कामयाब रही है। फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज का तीसरा सप्ताह चल रहा है।हॉरर के साथ कॉमेडी से



भरपूर इस फिल्म में मोना सिंह, अभय सिंह और शरवरी वाघ जैसे सितारे मुख्य भूमिका में हैं।तमाम सितारों की अदाकारी और फिल्म की कहानी दर्शकों को खूब पंसद आ रही है।आइए जानते हैं मुंज्या ने 18वें दिन कितने करोड़ रुपये कमाए।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, मुंज्या ने अपनी रिलीज के 18वें दिन यानी तीसरे सोमवार 2.10 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 85.40 करोड़ रुपये हो गया है।मुंज्या ने दुनियाभर में 100 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है। महज 18 दिन में यह फिल्म 103 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर चुकी है।रूही और स्त्री के बाद यह दिनेश विजान की तीसरी हॉरर–कॉमेडी फिल्म है। मुंज्या में वरुण धवन ने मेहमान की भूमिका निभाई है। फिल्म हंसाने के साथ खूब डराती भी है, वहीं इसके विजुअल अफेक्ट्स भी शानदार हैं। उधर फिल्म में इस्तेमाल किए गए साउंड अफेक्ट्स भी दर्शकों का दिल जीत रहे हैं।मुंज्या की सफलता के बाद अब शरवरी फिल्म वेदा में नजर आएंगी। इस फिल्म में जॉन अब्राहम मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे।वेदा 15 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।

## तारा सुतारिया ने बताया, पहला हिंदी सान्ग शामत गाना कितना मुश्किल था

एक्ट्रेस तारा सुतारिया ने अपने पहले हिंदी सॉन्ग शामत को याद किया। एक्ट्रेस ने बताया कि इस गाने (सॉन्ग) को गाना कितना मुश्किल था। उन्होंने इसे 2022 की एक्शन थ्रिलर फिल्म एक विलेन रिटर्न्स के लिए रिकॉर्ड किया था।तारा सुतारिया ने इंस्टाग्राम पर गाने की शूटिंग के दौरान की कई तस्वीरें शेयर की।एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, करीब दो साल पहले मैंने अपना पहला हिंदी सॉन्ग शामत रिकॉर्ड किया था। इसे आज तक 93 मिलियन बार देखा जा चुका है। यह गाना फिल्म एक विलेन रिटर्न्स के लिए था, इसमें मैंने एक सिंगर की भूमिका निभाई। यह एक संयोग ही था, क्योंकि किसी को फिल्मों में गाने का मौका बहुत ही कम मिलता है। पिछले 20 सालों से प्रशिक्षित पश्चिमी शास्त्रीय और पॉप सिंगर के रूप में, अपने किरदार के अनुरूप अपनी तकनीक और साउंड को ढालना ज्यादा मुश्किल था।तारा सुतारिया ने लिखा, अंग्रेजी और हिंदी म्यूजिक दोनों ही मेरे दिल के करीब हैं। ट्रेनिंग, साउंड और तकनीक की बात करें तो दोनों बिल्कुल अलग हैं! पीछे मुड़कर देखती हूं तो एक कदम आगे बढ़कर बहुत खुश हूं।

# फिल्म चंदू चौंपियन ने पार किया 50 करोड़ की कमाई का आंकड़ा, इश्क विश्क रिबाउंड का हाल–बेहाल

कबीर खान के निर्देशन में बनी फिल्म चंदू चौंपियन भारत के पहले पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता मुरलीकांत पेटकर के जीवन पर आधारित है।फिल्म में कार्तिक आर्यन मुख्य भूमिका में हैं, जिन्होंने मुरलीकांत बन एक बार फिर अपनी उम्दा अदाकारी का लोहा मनवाया है।14 जून को रिलीज हुई चंदू चौंपियन बॉक्स ऑफिस ठीक–ठाक कमाई कर रही है और अब इस फिल्म ने अपनी रिलीज के दूसरे सप्ताह 50 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, चंदू चौंपियन ने रिलीज के 11वें दिन 1.75 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 51 करोड़ रुपये हो गया है।फिल्म में विजय राज और राजपाल यादव ने भी अहम भूमिका निभाई है। साजिद नाडियाडवाला ने इस फिल्म के प्रोडक्शन का जिम्मा संभाला है।चंदू चौंपियन की एक टिकट पर दूसरी बिल्कुल मुफ्त मिल रही है। टिकट बुक करने के लिए आपको सीसीबीओजीओ कोड का इस्तेमाल करना होगा।बॉक्स ऑफिस पर चंदू चौंपियन का सामना मोना सिंह, अभय सिंह और शरवरी वाघ की फिल्म मुंज्या से हो रहा है।इसके अलावा इश्क विश्क रिबाउंड भी दर्शकों का मनोरंजन



करने के लिए सिनेमाघरों में लगी हुई है।27 जून को बॉक्स ऑफिस पर लगी सभी फिल्मों को टक्कर देने के लिए प्रभास की फिल्म कल्कि 2898 एडी आ रही है।फिल्म में दीपिका पादुकोण, अमिताभ बच्चन और कमल हासन जैसे सितारे अहम भूमिकाओं में हैं।वहीं दूसरी ओर निपुण अविनाश धर्माधिकारी के निर्देशन में बनी फिल्म इश्क विश्क रिबाउंड लोगों का दिल जीतने में नाकाम साबित हुई है।ऋतिक रोशन की बहन पश्मीना रोशन, रोहित सराफ, जिबरान खान और नैना ग्रेवाल अभिनीत इस फिल्म को बीते शुक्रवार यानी 21 जून को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था।वीकेंड पर ठीक–ठाक कमाई करने के बाद अब इश्क विश्क रिबाउंड का दैनिक कारोबार लाखों में सिमट गया है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, इश्क विश्क रिबाउंड ने रिलीज के तीसरे दिन 38 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 3.98 करोड़ रुपये हो गया है।इश्क विश्क रिबाउंड ने 1 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरुआत की थी।वीकेंड पर इस फिल्म की कमाई में उछाल आया और इसने दूसरे दिन टिकट खिड़की पर 1.20 करोड़ रुपये कमाए।तीसरे दिन यह फिल्म 1.40 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही।

## फैंस के बीच फैशन गोल्स सेट करती दिखीं अनन्या पांडे, किलर पोज देकर सोशल मीडिया पर बरपाया कहर

बॉलीवुड एक्ट्रसेस अनन्या पांडे आए दिन अपनी बोल्ड और ग्लैमरस तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस के बीच फैशन गोल्स सेट कर देती हैं। उनका हर एक अंदाज इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग लुक देखकर फैंस मदहोश हो गए हैं।

एक्ट्रेस अनन्या पांडे हमेशा अपने हॉट लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर छाई हुई रहती हैं। उनका हर एक स्टाइलिश अंदाज इंटरनेट पर आते ही बवाल मचाने लगता है।

अब हाल ही में एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें साझा कर फैंस के बीच फैशन गोल्स सेट कर दिया है।

इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने फ्लोरल लुक में ब्लू कलर का कोर्ड सेट पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक किलर पोज देती हुई नजर आ रही हैं।



एक्ट्रेस अनन्या पांडे का ये लुक देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं, साथ ही लोग उनकी तारीफ करते हुए नहीं थक रहे हैं।

अनन्या पांडे को इंस्टाग्राम अकाउंट पर फोटोज शेयर किए कुछ ही घंटे हुए हैं और अब तक 2 लाख से भी ज्यादा यूजर्स ने फोटोज पर लाइक कर दिया है। वहीं कई यूजर्स ने कॉमेंट्स के जरिए अपना प्यार बरसाया है।

एक यूजर ने फोटोज पर कॉमेंट करते हुए लिखा है– सो गॉर्जियस। दूसरे यूजर ने लिखा है– हॉट अनन्या। वहीं, तीसरे यूजर ने लिखा है– टू हॉट टू हेंडल।

बता दें कि एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर अनन्या पांडे की फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है।

## शवांगी जोशी ने थाई–हाई ड्रेस पहन दिखाईं कातिल अदाएं,

श्रद्धा कपूर, राजकुमार राव और पंकज त्रिपाठी अभिनीत स्त्री 2 के निर्माताओं ने आखिरकार हॉरर–कॉमेडी का बहुप्रतीक्षित टीजर जारी कर दिया है। श्रद्धा कपूर, राजकुमार राव और पंकज त्रिपाठी अभिनीत स्त्री 2 के निर्माताओं ने आखिरकार हॉरर–कॉमेडी का बहुप्रतीक्षित टीजर जारी कर दिया है। मैडॉक फिल्म्स ने सोशल मीडिया हैंडल पर सभी मुख्य कलाकारों को दिखाते हुए एक छोटा सा टीजर साझा किया और लिखा, श्श्इस बार चंदेरी में आजादी के दिन होंगे आतंक! लीजेंड इस स्वतंत्रता दिवस, 15 अगस्त 2024 को वापस आ रहे हैं!श्श पोस्ट में मैडॉक फिल्म्स ने एक हैशटैग भी इस्तेमाल किया है, जिसमें लिखा है, श्श्वह वापस आ गई है।



बॉलीवुड की मशहूर अदाकारा आशा पारेख, वहीदा रहमान और हेलेन तीनों इन दिनों कश्मीर की सैर पर निकली हैं ीनगर की वादियों में छुट्टियां मना रहीं ये तीन विंटेज क्वीन 80 प्लस में भी कायम है 70 की इन एक्ट्रेसेज का जलवाआशा, हेलन और वहीदा ने साथ किया लंचपहले भी तीनों को कई बार साथ में घूमते देखा गया है फिल्म में राजकुमार राव, श्रद्धा कपूर और पंकज त्रिपाठी और तमन्ना भाटिया भी नजर आने वाली हैंफिल्म का टीजर लोगों का दिल जीत रहा है इसमें सभी कलाकार की झलक देखने को मिल रही है50 करोड़ी हुई फिल्म चंदू चौंपियन कार्तिक आर्यन ने दिखाया जलवा चंदू चौंपियन 14 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी 11वें दिन 50 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया हैशिवांगी जोशी की इन 10 फोटोज ने हिलाया इंटरनेट

## अजय देवगन की फिल्म औरों में कहां दम था का गाना ऐ दिल जरा हुआ रिलीज

तब्बू और अजय देवगन की फिल्म औरों में कहां दम था रिलीज से बस चंद दिन दूर है। आज इस फिल्म का नया गाना रिलीज हुआ है। ए दिल जरा गाने को सुनिधि चौहान, जुबिन नौटियाल, अमला चेबोलू और ऋषभ चतुर्वेदी ने मिलकर गाया है, वहीं मनोज मुंतशिर ने इसके बोल लिखे हैं। इसका संगीत ऑस्कर विजेता एमएम कीरावानी ने तैयार किया है।

अजय देवगन ने आज इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा



कर नया गाना रिलीज होने की जानकारी दी है। उन्होंने कैप्शन लिखा है, शाश्वत प्रेम कैसा होता है? ऐस दिल जरा जैसा होता है! अजय देवगन और तब्बू की यह फिल्म 5 जुलाई 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इसका निर्देशक नीरज पांडे ने किया है। इस फिल्म में जिमी शेरगिल, सई मांजरेकर और शांतनु माहेश्वरी भी महत्वपूर्ण भूमिका में हैं।

अजय देवगन ने आज इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा कर नया गाना रिलीज होने की जानकारी दी है। उन्होंने कैप्शन लिखा है, शाश्वत प्रेम कैसा होता है? ऐस दिल जरा जैसा होता है! अजय देवगन और तब्बू की यह फिल्म 5 जुलाई 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इसका निर्देशक नीरज पांडे ने किया है। इस फिल्म में जिमी शेरगिल, सई मांजरेकर और शांतनु माहेश्वरी भी महत्वपूर्ण भूमिका में हैं।

तब्बू और अजय देवगन की जोड़ी को पर्दे पर देखने के लिए दर्शक एक बार फिर बेकरार हैं। फिलहाल तो इसके गाने पर यूजर्स प्यार लुटा रहे हैं। अजय देवगन के पोस्ट पर लोग सकारात्मक प्रतिक्रिया दे रहे हैं। इससे पहले इस फिल्म का गाना तू भी काफी पसंद किया गया है, जिसे सुखविंदर सिंह और जावेद अली ने इसे गाया है।

# आकाशीय बिजली ने जमकर ढाया कहर, चपेट में आने से एक महिला समेत दो की मौत, 5 झुलसे

मीरजापुर(आरएनएस)। मानसून की पहली बरसात ने जमकर पानी बरसाते हुए गर्मी से लोगों को राहत जरूर दिया है लेकिन उमस बरकरार होने से लोग पसीने से लथपथ नजर आएं हैं। दूसरी ओर आकाशीय बिजली ने भी जमकर कहर ढाया है। जिले के अलग–अलग हिस्सों में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक महिला समेत दो की मौत हो गई है, जबकि 5 लोग झुलसे होने बताते जा रहें हैं। सभी झुलसे हुए लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने आकाशीय बिजली से हताहतों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। पहली घटना विंध्याचल कोतवाली के गोपालपुर मड़गुड़ा गांव की बताई जा रही है, जहां एक पुरुष की मौत हुई है। जबकि दूसरी घटना लालगंज कोतवाली क्षेत्र के कोल्हुआ गांव में घटित होनी बताई जा रही है जहां महिला की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हुई है। बताया जा रहा है कि कोल्हुआ गांव निवासिनी देवी 30 वर्ष घर में सोई थी। अचानक देर रात तेज चमक गरज के साथ बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से चपेट में आ गई। बच्चों के शोर मचाने पर परिजन आनन–फानन में महिला को मंडलीय अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सक ने देखने के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। इसी प्रकार गंगहरा कलां गांव निवासी सुरेंद्र कुमार दुबे पुत्र राज नारायण दुबे के घर के सामने यूकेलिप्टस के पेड़ पर आकाशीय बिजली गिर गई जिसकी चपेट में आने से एक गाय की मौत हो गई। कोल्हुआ गांव निवासिनी मृतक महिला के दो पुत्र एक पुत्री हैं। जिगना थाना क्षेत्र के गौरा इण्डियन बैक के बगल में आकाशीय बिजली गिरने से राजाराम हरिजन की दो भैसों की मौत हो गई है। जबकि ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के बबुरा रघुनाथ सिंह गांव के किरका मोहल्ला में मंगलवार की देर रात गरज चमक के साथ हो रही बारिश में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से पशुपालक की खूंटे से बंधी दो भैंसों की मौत होनी बताई जा रही है।ड्रमंडगंज संवाददाता के अनुसार ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के बबुरा रघुनाथ सिंह गांव के किरका मोहल्ला में बुधवार रात के करीब 2 बजे गरज चमक के साथ हो रही बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से दो भैंसों की दर्दनाक मौत हो गई। किरका मोहल्ला निवासी पशुपालक पूल्लू कोल अपने घर के सामने मड़हे में अपनी चार भैंस बांधे हुए थे कि मंगलवार देर रात तीन बजे के करीब गरज चमक के साथ हो रही बारिश के दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो दुधारू भैंसों की मौत हो गई। पशुपालक की पत्नी रामरती ने तेज गर्जना के साथ साथ आकाशीय बिजली गिरने पर घर से बाहर आकर देखा तो दो भैंसों की मौत हो चुकी थी। पशुपालक पूल्लू कोल ने बताया कि दोनों दुधारू भैंस का दूध बेचकर घर परिवार का गुजर बसर करता था। दोनों भैंस की अचानक मौत होने पर परिवार पर आफत की बिजली गिर पड़ी है। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे प्रधानपति पुंडरीक सिंह मोनू ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस पशुचिकित्साधिकारी व हल्का लेखपाल को देते हुए पशुपालक को शासन से हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया।

# मण्डलायुक्त ने विकास कार्यक्रमों के प्रगति की बैठक कर ली जानकारी

मीरजापुर(आरएनएस)। मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल डॉ मुथुकुमार स्वामी बी ने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड वाले विकास कार्यो, कानून व्यवस्था, एवं कर करेत्तर, राजस्व वसूली व वादो के निस्तारण के प्रत्येक बिन्दुओ के प्रगति कार्य की समीक्षा आयुक्त कार्यालय सभागार में जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी व सभी मण्डलीय अधिकारियों के साथ बैठक कर जानकारी प्राप्त की। बैठक में मण्डलायुक्त द्वारा सम्भावित बाढ़ के दृष्टिगत तीनो जनपदों के जिलाधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि बाढ़ से प्रभावित होने वाले स्थलों की ग्रामवार समीक्षा कर बाढ़ से बचाव की पूर्ण तैयारी करा ली जाए। उन्होने बाढ़ प्रभावित परिवारो हेतु खाद्यान पैकेट वितरण हेतु खाद्यान टेण्डर की कार्यवाही यदि नहीं की गयी हो तो समय रहते टेण्डर आदि करा लिया जाए। उन्होंने कहा कि बाढ़ के दौरान नावों की व्यवस्था एवं नाविकों की दैनिक मजदूरी की व्यवस्था करा लें। उन्होंने कहा कि सभी जिलाधिकारी समस्त तटबंधों का निरीक्षण तथा राहत शिविरों का सत्यापन करा लें। उन्होंने कहा कि तीनो जनपदों में कुल कितने ब्रिज है और उनकी क्या स्थिति है एक सप्ताह के अन्दर रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि ओवरलोड वाहनों प्रभावी पर अंकुश लगाये जाने हेतु अभियान चलाकर ओवरलोड वाहनों पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जाए। मण्डलायुक्त ने कहा कि शास्त्री सेतु की जांच हेतु प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग को पत्राचार करते हुये टीम बनाकर इसकी पुनः जांच आईआईटी कानपुर से कराया जाए। नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति की समीक्षा के दौरान मण्डलायुक्त ने कहा कि टैप कनेक्शन में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति हो, इसके लिये आवश्यक है मण्डल के सभी जिलाधिकारीगण समय–समय पर पानी की टेस्टिंग कराते रहें तथा पाइप लीकेज की समस्या की भी समीक्षा कर लें। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत खोदी गयी सड़कों की बहाली अधिक से अधिक 10 दिनों के अन्दर करा लिया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सरकारी, अर्द्ध सरकारी भवनों यथा–प्राथमिक विद्यालय, पंचायत भवन, स्वास्थ्य केन्द्र आदि में वर्षा जल संचयन संरचनाओ का निर्माण अवश्य कराया जाए। कृषि विभाग की समीक्षा में मण्डलायुक्त ने कहा कि हीट बेब से बचाव हेतु डीएसआर तकनीकी को अधिक से अधिक उपयोग हेतु प्रचार प्रसार कराया जाए। कहा कि जल संचयन हेतु निजी खेत, तालाब स्वीकृत किये गये है जिलाधिकारी भूमि संरक्षण अधिकारी के साथ समीक्षा कर जल्द से जल्द तालाबों की खुदाई करा दी जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाए। पशुपालन विभाग की समीक्षा के दौरान कहा कि सड़को पर घूम रहे गौवंशो को पकड़कर गौ आश्रय स्थलों पर रखा जाए। उन्होने कहा कि शत प्रतिशत पशुओं टीकाकरण कराया जाना मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सुनिश्चित कराए। उन्होंने कहा कि सम्भावित बाढ़ के दृष्टिगत पशुओं के लिये भूषा हरे चारे आदि का समुचित प्रबन्ध पहले करा लिया जाए। विद्युत विभाग की समीक्षा में अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि उपभोक्ताओं त्रुटिपूर्ण विद्युत बिल उपलब्ध कराते हुये बकाया बिलो का भुगतान कराना सुनिश्चित करें।मण्डलायुक्त द्वारा स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा कहा कि दुघर्टना वाले स्थल पर एम्बुलेंस कितने समय पर पहुंच रही है, जनपद के तीनों जिलाधिकारी इसकी जांच करे कि पुलिस के बाद एम्बुलेंस पहुंच रही है या पहले यदि बाद में तो कार्यवाही करें तथा सभी मुख्य चिकित्साधिकारी एक वर्ष के दौरान कितनी मौत हुयी है इसकी आख्या उपलब्ध कराए। मण्डलायुक्त ने बायोमेडिकल उपकरण रखरखाव कार्य की समीक्षा में तीनो जिलाधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि एक कमेटी गठित करते हुये उप जिलाधिकारियों व खण्ड विकास अधिकारियों से जाचं कराते हुये फोटोग्राफ के साथ आख्या उपलब्ध कराए।

मोबाइल मेडिकल यूनिट भदोही में न होने पर जिलाधिकारी भदोही को शासन में पत्राचार करने का निर्देश दिया गया। सड़क निर्माण की समीक्षा मे बताया गया कि जनपद सोनभद्र में 50 सड़को में 32 पूर्ण शेष पर कार्य चल रहा है, जनपद भदोही में 24 में 18 पूर्ण शेष पर कार्य एवं जनपद मीरजापुर में 130 सड़को में 82 पूर्ण शेष पर कार्य होना बताया गया। पर्यटन विभाग की समीक्षा में क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी के बैठक में अनुपस्थित रहने पर शासन में पत्राचार करने का निर्देश एवं प्रगति खराब होने पर सहायक क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी से स्पष्टीकरण की मांग की गयी। मण्डलायुक्त ने कहा कि मानव सम्पदा पोर्टल पर सभी अधिकारी कर्मचारी 30 जून 2024 तक सम्पत्ति का विवरण अपलोड कर दे, 30 जून 2024 के बाद ऐसे अधिकारी कर्मचारी जिन्होंने अपनी सम्पत्ति का विवरण नही दिया है उनका वेतन रोक दिया जाए। बैठक में ग्राम्य विकास की समीक्षा में बीसी सखी के अन्तर्गत कुल बीसी सखी के सापेक्ष अभी अधिक संख्या में सखी का परिचालन जनपद स्तर पर लम्बित है, मुख्य विकास अधिकारी समीक्षा कर शत प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित कराए। अमृत सरोवर योजनान्तर्गत चिन्हित सभी साईटो पर कार्य प्रारम्भ कर पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि जल संचयन हेतु मनरेगा योजनान्तर्गत अथवा राज्य वित्त, 15वां वित्त के मध्य कन्वर्जेस करते हुये निर्धारित प्राविधानों के अनुरूप नियमानुसार सरोवरो की साफ–सफाई करायी जाए। हीटवेब की समीक्षा में मण्डलायुक्त ने कहा कि इससे बचाव हेतु रेडियों जिंगल, पोस्टर एवं पम्पलेट के माध्यम से प्रचार प्रसार कराया जाए। हीटवेब के सम्बन्ध में जिलाधिकारी विभागों द्वारा कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा करे तथा किसी प्रकार जन हानि न हो इसके लिये चिकित्सालयों में दवाओं आदि का समुचित प्रबन्ध कराया जाए। उन्होने कहा कि अस्पतालो में आने वाले मरीज और उनके तीमारदारो के पर्चे, दवा वितरण काउंटर पर पंखे कूलर और ठण्डे पानी की व्यवस्था करायी जाए। उन्होंने कहा कि ओआरएस पैकेटस, पैरासिटामाल टैबलेट आदि की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित करायी जाए। मुख्य विकास अधिकारी भदोही ने मण्डलायुक्त को बताया कि मुख्य पशु चिकित्साधिकारी भदोही के द्वारा सरकारी भवन में रहते हुये मकान किराया भत्ता लिया जा रहा है व टेण्डर आदि की प्रक्रिया के बिना दवाओ का क्रय किया जा रहा है जिस पर मण्डलायुक्त ने मुख्य विकास अधिकारी भदोही व अपर निदेशक पशुपालन को इनके विरूद्ध जांच कर कार्यवाही हेतु पत्र प्रेषित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी यदि इस प्रकार का कोई प्रकरण संज्ञान में आता है तो सम्बन्धित कि विरूद्ध निलम्बन की कार्यवाही की जायेगी।

बैठक में मण्डलायुक्त द्वारा कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान मण्डल के जनपदों में कानून व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत गुण्डा एक्ट, गैंगेस्टर, वादो के निस्तारण आदि की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया तथा विभिन्न मदो में कर करेत्तर, विविध देय, मुख्य देय में राजस्व वसूली लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत करने का निर्देश देते हुये मण्डलायुक्त तीन वर्ष व पांच वर्ष से लम्बित मुकदमो के निस्तारण में तेजी लाने का निर्देश दिया। बैठक में जिलाधिकारी सोनभद्र चन्द्र विजय सिंह, भदोही विशाल कुमार, मीरजापुर प्रभारी जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, पुलिस अधीक्षक मीरजापुर अभिनन्दन, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, पुलिस अधीक्षक भदोही मीनाक्षी कात्यान, मुख्य विकास अधिकारी सोनभद्र सौरभ गंगवार, भदोही यशवंत कुमार, मीरजापुर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे देवेन्द्र प्रताप सिंह, वित्त एवं राजस्व शिव प्रताप शुक्ल, मुख्य राजस्व अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह, अपर जिलाधिकारी सोनभद्र, अपर जिलाधिकारी भदोही, मुख्य अपर निदेशक स्वास्थ्य, चिकित्साधिकारी मीरजापुर सीएल वर्मा, मुख्य चिकित्साधिकारी सोनभद्र, भदोही, प्रभागीय वनाधिकारी अरवन्दि राज मिश्र, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग सुनील दत्त, संयुक्त आयुक्त उद्योग वीरेन्द्र कुमार, उप निदेशक बेसिक शिक्षा, उप निदेशक पंचायत राम जियावन सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# अद ने मनाई राजर्षि छत्रपति शाहूजी महाराज की 150 वीं जन्म जयंती

मीरजापुर(आरएनएस)। रेलवे स्टेशन द्वितीय प्रवेश द्वार के सामने पथरहिया में आरक्षण के जनक महान समाज सुधारक वंचितों के सच्चे हितैषी राजर्षि छत्रपति शाहूजी महाराज की 150 वीं जन्म जयंती के शुभ अवसर पर कार्यवाहक जिलाध्यक्ष इं. राम लौटन बिदं की नेतृत्व में जयंती मनाई गई। इस दौरान छत्रपति शाहूजी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। जयंती के शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व विधायक डॉ जमुना प्रसाद सरोज जी उपस्थित रहें। जयंती के दौरान मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव सरोज ने कहा कि शाहू षजिन्हें राजर्षि शाहू महाराज, छत्रपति शाहू महाराज या शाहू महाराजष भी कहा जाता है मराठा के भोंसले राजवंश के (26 जून, 1874 – 6 मई, 1922) राजा (शासनकाल 1894 – 1900) और कोल्हापुर की भारतीय रियासतों के महाराजा (1900–1922) थे। उन्हें एक वास्तविक लोकतान्त्रिक और सामाजिक सुधारक माना जाता हैं। कोल्हापुर की रियासत राज्य के पहले महाराजा, वह महाराष्ट्र के इतिहास में एक अमूल्य मणि थे। सामाजिक सुधारक ज्योतिराव गोविंद राव फुले के योगदान से काफी प्रभावित, शाहू महाराज एक आदर्श नेता और सक्षम शासक थे जो अपने शासन के दौरान कई प्रगतिशील और न्याय पथ गतिविधियों से जुड़े थे। 1894 में अपने राजनेता से 1922 में उनकी मृत्यु तक, उन्होंने अपने राज्य में निचली जाति के विषयों के कारण अथक रूप से काम किया। जाति और पन्थ के बावजूद सभी को प्राथमिक शिक्षा उनकी सबसे महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं में से एक थी। छत्रपति शाहूजी महाराज ने 1902 में अपने कोल्हापुर राज्य में कमजोर वर्गों के लिए 50: पहला आरक्षण देने का काम किया। और आप सभी से बड़े हर्ष के साथ बताना चाहता हूं कि आगामी दो जुलाई को अपना दल एस पार्टी के संस्थापक यशारू कायीरू डॉ सोनेलाल पटेल जी की जन्म जयंती पर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में जन स्वाभिमान दिवस के रूप में मनाई जाएगी, आयोजित होने वाले समारोह में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया।

जिला अध्यक्ष ने बताया कि हम सबकी नेता पिछड़ें कमेरों वंचितों एवं समाजिक न्याय की बुलंद आवाज अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण व रसायन एवं उर्वरक राज्यमंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल के निर्देशानुसार प्रदेश के हर जिले में बतौर मुख्य अतिथि नियुक्त किए गए हैं। जिनके नेतृत्व में छत्रपति शाहूजी महाराज जी की 150 वीं जन्म जयंती दिवस को बड़े हर्ष के साथ मनाई जा रही हैं।

# राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की एक और मांग हुई पूरी, मुख्यमंत्री ने निभाया वादा

## संयुक्त परिषद ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया, सरकार ने पुरानी पेंशन के लिए विकल्प खोला

मीरजापुर(आरएनएस)। राज्य सरकार ने संयुक्त परिषद की एक पुरानी मांग को पूरा कर दिया है। 31 मार्च 2004 तक विज्ञापित पदों के विरुद्ध चयनित उन कर्मचारियों को जिन्हें किन्हीं कारणों से सेवा में कार्यभार 1 अप्रैल 2005 के बाद ग्रहण कराया गया, ऐसे सभी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन में जाने का सरकार ने विकल्प खोल दिया है। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जे एन तिवारी एवं महामंत्री अरुणा शुक्ला ने एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में अवगत कराया है कि 1 अप्रैल 2005 से नई पेंशन योजना उत्तर प्रदेश में लागू कर दी गई है। 1 अप्रैल 2005 के बाद से नियुक्त किसी भी कर्मचारी को उत्तर प्रदेश सरकार पुरानी पेंशन का लाभ नहीं दे रही है। केंद्र सरकार ने अपने कर्मचारियों केलिए जिनकी नियुक्ति 1 जनवरी 2004 के बाद तथा जिनका चयन 31दिसंबर 2003 तक पूरा हो चुका है, को पुरानी पेंशन में जाने का विकल्प की सुविधा प्रदान किया है। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के माध्यम से हम उत्तर प्रदेश के कर्मचारियों को भी नई पेंशन में निरंतर सुधार किए जाने तथा पुरानी पेंशन का लाभ दिए जाने की मांग कर रहे हैं। संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जे एन तिवारी ने कहा है कि मुख्य सचिव स्तर पर 24 फरवरी 2023 को इस पर सहमति बन गई थी लेकिन वित्त विभाग के कारण प्रकरण में अभी तक विलंब हुआ। 11 जून को जब राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का प्रतिनिधिमंडल संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जे एन तिवारी के नेतृत्व में माननीय मुख्यमंत्री से मिला था, तो पुरानी पेंशन में आने के लिए विकल्प खोले जाने तथा आउटसोर्स कर्मचारी का न्यूनतम वेतन निर्धारण करने पर विस्तार से चर्चा हुई थी। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया था कि वह संयुक्त परिषद की इस मांग जल्दी ही निर्णय करेंगे। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जे एन तिवारी ने प्रदेश के लाखों कर्मचारियों तरफ से मुख्यमंत्रीजी का आभार व्यक्त किया है। परिषद के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र एवं अपर मुख्य सचिव कार्मिक देवेश चतुर्वेदी का भी आभार व्यक्त किया है, जिनकी सकारात्मक सोच के कारण 2005 के बाद नियुक्त कार्मिकों को पुरानी पेंशन में जाने का विकल्प प्राप्त करने का अवसर मिला है। संयुक्त परिषद के वरिष्ठ पदाधिकारी अध्यक्ष जे एन तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नारायण जी दुबे, महामंत्री अरुणा शुक्ला, उपाध्यक्ष निरंजन कुमार श्रीवास्तव, त्रिलोकी नाथ चौरसिया, हर गोविंद यादव, नितिन गोस्वामी, स्वाति सिंह, लक्ष्मी आर्या सहित परिषद के दर्जनों पदाधिकारियों ने पुरानी पेंशन का विकल्प खोले जाने के लिए कैबिनेट के निर्णय पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है।

# पुरानी पेंशन बहाली पर शिक्षक विधायक ने निर्णय को सराहा

चित्रकूट(आरएनएस)। लगभग 19 वर्षों से लंबित पड़ी समस्या शिक्षक विधायक डॉ बाबूलाल तिवारी के प्रयास से मुख्यमंत्री ने एक अप्रैल 2005 के पश्चात कार्यभार ग्रहण करने वाले शिक्षक, कर्मचारियों को पुरानी पेंशन प्रणाली से आच्छादित करने का फैसला लिया है। जबकि केंद्र सरकार द्वारा 3 मार्च 2023 को ही केंद्रीय कर्मचारियों को इस योजना से लाभान्वित कर दिया गया था। शिक्षक विधायक ने सरकार के निर्णय की सराहना करते हुए मिलकर काम करने के लिए शिक्षकों से कहा। उन्होंने अपेक्षा किया कि माध्यमिक शिक्षा एवं अन्य शिक्षकों की समस्याएं इसी प्रकार भाजपा सरकार के शासन में ही निस्तारित होगी। बस विश्वास रखने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार समस्त शिक्षकों, कर्मचारियों की प्रणाली को समाप्त कर पुरानी पेंशन से आच्छादित करने के लिए सरकार से बात की जाएगी। स्ववित्त पोषित संस्थाओं के शिक्षकों, कर्मचारियों को कल्याणकारी योजना लागू करने के लिए सरकार को राजी करने का प्रयास होगा। साथ ही स्वास्थ्य समस्याओं को देखते हुए शिक्षकों, कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा प्रदान करने की लाभकारी योजना पंडित दीनदयाल उपाध्याय कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्राप्त कराने के लिए भी प्रयास जारी रहेंगे। इस दौरान शिक्षकों, कर्मचारियों ने शिक्षक विधायक डॉ बाबूलाल तिवारी को बुके भेंट किया। यह जानकारी शिक्षक विधायक प्रतिनिधि विवेक श्रीवास्तव ने दी है।

# मानसून की पहली बारिश ने किया पानी–पानी

## ‘कई रेलवे अंडर पास पुल में भरा पानी, हुआ बुराहाल

मीरजापुर(आरएनएस)। बीती रात से लेकर सुबह तक हुई झमाझम बारिश ने पानी–पानी कर दिया है। जिले में हुई मानसून की पहली बरसात ने जमकर भिगोया है। बावजूद इसके उमस बरकरार है। छानबे विकास खंड क्षेत्र के गैपुरा विजयपुर में मां दुलारो देवी मंदिर डेरवा व भटेवरा कर्णावती नदी पर बने पुल का नजारा बदल उठा है। पहली ही बारिश में पुल डूब गया है जहां पानी पुल के ऊपर से बह रहा है। सर्वाधिक बुरी स्थिति रेलवे अंडरब्रिज की बताई जा रही है जहां पानी भर जाने से कई गांवों के लोगों का आवागमन बाधित हो गया है। छानबे विकास खंड के ही अकोढ़ी गांव के दोनों रेलवे अंडरपास के अंदर पानी भर जाने की वजह से कई गांवों का जुड़ाव मुख्य मार्ग से कट गए हैं। यह समस्या हर साल बारिश में होती है। जिससे क्षेत्र के लोगों को गंभीर समस्याओं से गुजरना पड़ता हैं, आखिर इसका निजात कब मिलेगा। जनता सवाल दर सवाल दागती आई है लेकिन अभी तक इसका समाधान नहीं निकल पाया है। मिर्जापुर के नटवा, विंध्याचल, रेहड़ा पटेंगरा समेंत आसपास कई रेलवे अंडर पास पुल में पानी भर जाने से आवागमन दुरुह हो गया है। पहली बारिश में ही पानी भरने से कई गांवों का बुराहाल हो उठा है। आश्चर्य की बात है कि हर वर्ष बरसात पूर्व जलजमाव से बचने और जल निकासी की व्यवस्था को लेकर योजना बनाई जाती है, लेकिन बरसात आते आते सारी योजनाएं धरी की धरी रह जाती है। लोगों को हर बार समस्याओं से निजात नहीं मिल पाता है।

# दहेज हत्या के दोषी पति को आठ वर्ष की कैद

चित्रकूट(आरएनएस)। कोरोना काल के दौरान हुई दहेज हत्या के मामले में दोष सिद्ध होने पर त्वरित न्यायालय ने मृतका के पति को आठ वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही आठ हजार रूपए के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गोपाल दास ने बताया कि दहेज हत्या के मामले की रिपोर्ट सरधुवा थाने में रैपुरा थाना क्षेत्र के गढवारा गांव के निवासी पुरूषोत्तम ने बीती पांच सितम्बर 2020 को लिखाई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार उसने अपनी बेटी सविता की शादी सरधुवा निवासी अखिलेश के साथ छह साल पूर्व की थी। शादी में हैसियत के अनुसार दान दहेज देने के बावजूद बेटी के ससुराल वाले खुश नहीं थे और 50 हजार रूपए की मांग कर रहे थे। बेटी द्वारा इस चीज की जानकारी दिए जाने पर उसने पैसा न होने के चलते असमर्थता जाहिर कर दी थी। दहेज के लिए उसकी बेटी के साथ ससुरालीजन अक्सर मारपीट करते थे। इसकी शिकायत भी उसने थाने में की थी। जिसके बाद पुलिस ने सुलह करा दिया था। इसके बावजूद ससुरालीजनों के आचरण में कोई सुधार नहीं हुआ और बीती 27 मार्च 2020 की रात उसकी बेटी के साथ मारपीट की गयी और मृत्यु होने के बाद घटना छिपाने के उद्देश्य से घर के पास सुखे कुएं में फेंक दिया गया। सबेरे गांव के लोगों द्वारा इसकी सूचना मिलने पर पुलिस की मौजूदगी में सूखे कुएं से बाहर निकाला गया।

मृतका के पिता ने बताया कि घटना के समय वह मध्य प्रदेश के जबलपुर में मजदूरी करने गया था। मोबाइल पर सूचना मिलने के बाद उसने तत्काल यहां आने का प्रयास किया, किन्तु वैश्विक बीमारी कोरोना के कारण लगे लाकडाउन में वाहन नहीं चल रहे थे। इसके चलते वह सूचना के लगभग 20 दिन बाद पैदल अपने घर पहुंचा था। थाने जाने पर पुलिस ने रिपोर्ट नहीं लिखी। इसके चलते उसने न्यायालय में धारा 156(3) के तहत प्रार्थना पत्र दिया था। जिसे चित्रकूट के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा स्वीकार करते हुए रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश बीती 30 जुलाई 2020 को दिए गए थे। जिसके आधार पर पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज की थी और मामले के मुख्य आरोपी अखिलेश को गिरफ्तार किया था। साथ ही न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद त्वरित न्यायालय के अपर जिला जज नीरज कुमार श्रीवास्तव ने बुधवार को निर्णय सुनाया।

# खुदकुशी मामले में थानाध्यक्ष समेत तीन पुलिस कर्मी निलंबित

चित्रकूट(आरएनएस)। मऊ थाना अंतर्गत एक गांव की हाई स्कूल की छात्रा के छेड़खानी से तंग आकर खुदकुशी करने की शिकायत लेकर पहुंचे माता–पिता को थाने में पीटने के मामले में पुलिस अधीक्षक ने थानाध्यक्ष समेत तीन सिपाही को निलंबित कर दिया है।मंगलवार की रात को प्रथम जांच पूरी होने के बाद पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि मऊ थानाध्यक्ष अजीत पांडेय, दीवान सुरेंद्र कुमार और सिपाही सौरभ को प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर निलंबित किया गया है। रविवार को हाई स्कूल की छात्रा के खुदकुशी करने के बाद मामले की जानकारी देने मऊ थाने में छात्र के माता–पिता गए थे। उन्होंने आरोप लगाया है कि मऊ थाने में उनके साथ अमानवीय व्यवहार किया गया। उनकी शिकायत सुनने की बजाय उन्हें पीटा गया है। इस मामले की सीओ मऊ द्वारा जांच कराई गई। प्रथम दृष्टया जांच रिपोर्ट के आधार पर थानाध्यक्ष, दीवान व सिपाही को दोषी मानते हुए निलंबित कर दिया गया है। गौरतलब है कि मऊ थाना क्षेत्र के एक गांव की हाई स्कूल की छात्रा ने रविवार की शाम को घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। उसके माता–पिता ने आरोप लगाया है कि उसकी बेटी को गांव के दो सगे भाई आए दिन छेड़खानी करते थे।

# गृह एवं जलकर में दस प्रतिशत का लाभ उठाए नगर के भवन स्वामी, जून तक ही मिलेगी छूट

मीरजापुर(आरएनएस)। नगर पालिका परिषद द्वारा गृह एवं जलकर में दस प्रतिशत की भारी छूट दी जा रही है। जिसकी अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित की गई है, जिसमें मात्र चार दिन ही शेष बचे है। कर निर्धारण अधिकारी अरविंद यादव ने बताया है गृह एवं जलकर की ये छूट केवल जून तक ही लागू है।इसलिए नगर के भवन स्वामी वर्तमान वित्तीय वर्ष का पैसा जमा कर दस प्रतिशत छूट का लाभ उठाए। ईओ जी लाल ने कहा है की जनहित में 30 जून रविवार को भी कर विभाग का कार्यालय खुला रहेगा। नगर की जनता इन बचे हुए चार दिनों में अपना टैक्स जमा कर छूट का लाभ उठा सकती है।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।